# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 28 नवंबर 2024

संवत 2081, मार्गशीर्ष कृष्ण 13- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 82 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ डायबिटीज एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती

यामिनी मल्होत्रा की बिग बॉस 18 में होगी एंट्री ◂◂ 6



झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

# अबुआ सरकार का शपथ ग्रहण समारोह

**दिनांक: 28 नवंबर, 2024 | समय: अपराह्न 04 बजे**

**स्थान: मोरहाबादी मैदान, रांची**

**इस अवसर पर आप सभी सादर आमंत्रित हैं**

## जोहार

विधानसभा चुनाव में झारखण्ड की जनता ने सोना झारखण्ड के निर्माण के लिए अनेकता में एकता का जो संदेश दिया है, वह ऐतिहासिक है, अद्भुत है, अविस्मरणीय है।

वीर पुरुखों के सपनों और राज्यवासियों के आशाओं-आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अबुआ सरकार पूरी संवेदनशीलता और नई ऊर्जा के साथ काम करेगी।

**आप सभी का बहुत-बहुत आभार, जोहार!**



हेमन्त सोरेन

मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR- 340590 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## न्यूज ब्रीफ





### भगवान बिरसा जैविक उद्यान में सामाजिक कार्य संपन्न

**रांची:** अर्पिता महिला मंडल, सीसीएल मुख्यालय के ऑफिसर्स वाइफ एसोसिएशन की अध्यक्ष प्रीति सिंह के कुशल नेतृत्व में भगवान बिरसा जैविक उद्यान, ओरमांझी में एक दिवसीय सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को प्रोत्साहित करना और उनके प्रयासों को सम्मानित करना था। कार्यक्रम के दौरान अर्पिता महिला मंडल ने उद्यान में जानवरों के लिए एक दिन के भोजन की व्यवस्था भी की। यह पहल जानवरों की बेहतर देखभाल और उनके प्रति जिम्मेदारी के भाव को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई। इस अवसर पर 85 कर्मचारियों को उपहार स्वरूप कैप, तौलिए और भोजन के पैकेट वितरित किए गए। इसके अलावा, उद्यान में साफ-सफाई और जानवरों की देखभाल की प्रशंसा करते हुए, सभी ने उद्यान प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। बिरसा जैविक उद्यान के कर्मचारियों ने अर्पिता महिला मंडल के इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### सीसीएल- बोकारो जिला प्रशासन के बीच समझौता



**रांची:** महाप्रबंधक, ढोरी क्षेत्र, सीसीएल, रंजय सिन्हा एवं उपायुक्त बोकारो के प्रतिनिधि शक्ति कुमार, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी सीएसआर., बोकारो के बीच क्षतिपूर्ति निवारण योजना (डैमेज रेमेडीशन प्लान) एवं प्राकृतिक एवं सामुदायिक संसाधन संवर्धन योजना (नेचुरल एंड कम्युनिटी रिसोर्स ऑग्मेंटेशन प्लान) के अंतर्गत उपलब्ध राशि कुल 111.00 करोड़ रुपया का समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया। इस राशि का उपयोग झारखंड सरकार द्वारा विभिन्न सामुदायिक कल्याणकारी योजनाओं में किया जाएगा जिससे जिले के लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। ज्ञात हो कि सीसीएल अपने कल्याणकारी एवं समावेशी पहलों द्वारा अपने हितधारकों एवं कमान क्षेत्र के नागरिकों के विकास हेतु कृतसंकल्पित है। अवसर विशेष पर सीसीएल की ओर से परियोजना पदाधिकारी, एसडीओसीएम, शैलेश प्रसाद एवं नोडल पदाधिकारी (वन एवं पर्यावरण), एसडीओसीएम, अच्युतानंद कुमार भी उपस्थित थे।

हेमंत सोरेन ने राज्य के लोगों की एकता को बताया सबसे बड़ा हथियार, कहा-

# 'हम झारखंडी हैं हमें न तो बांटा जा सकता और न...'

**मेट्रो रेज**



**रांची:** कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के लोगों का सबसे बड़ा हथियार एकता है। इसे न तो बांटा जा सकता और न ही चुप कराया जा सकता है।

झारखंड में हेमंत सोरेन की चौथी पारीः बता दें, सोरेन आज रांची के मोरहाबादी मैदान में झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। एक भव्य समारोह में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। समारोह में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के दिग्गजों समेत कई प्रमुख नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शाम चार बजे हेमंत सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। 49 साल के झामुमो नेता चौथी बार मुख्यमंत्री बनेंगे।

'हमारी एकता हमारा सबसे बड़ा हथियार': शपथ लेने से कुछ घंटे पहले सोरेन ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब भी वे हमें चुप कराने की कोशिश करते हैं तो क्रांति तेज हो जाती है। उन्होंने आगे कहा, 'इस बारे में कोई संदेह नहीं रहना चाहिए कि हमारी एकता हमारा सबसे बड़ा हथियार है। हमें न तो बांटा जा सकता है और न ही चुप कराया जा सकता है। जब भी वे हमें पीछे धकेलने की कोशिश करते हैं, हम आगे बढ़ जाते हैं। जब भी वे हमें चुप कराने की कोशिश करते हैं, तो हमारे विद्रोह की आवाज तेज हो जाती है क्योंकि हम झारखंडी हैं और झारखंडी नहीं झुकते।'

**हमारी लड़ाई दृढ़ और अटूटः** सोरेन उन्होंने आगे कहा, 'हमारी लड़ाई दृढ़ और अटूट है। संघर्ष जारी है और अंतिम सांस तक जारी रहेगा।' उन्होंने दिन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह हमारे सामूहिक संघर्ष, प्रेम तथा भाईचारे की भावना और न्याय के प्रति झारखंडियों की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा। हर तरफ एक आवाज गूंज रहीः झामुमो नेता ने कहा, 'आज का दिन सिर्फ राजनीतिक जीत के बारे में नहीं है, आज सामाजिक न्याय के लिए हमारे संघर्ष को दोहराने का दिन है। सामाजिक एकता को मजबूत करने की दैनिक लड़ाई का दिन है। आज का दिन ये भी बताता है कि लोकतंत्र पर बढ़ते दबाव के बीच झारखंड के महान लोग एक साथ खड़े हैं। आज हर गांव, हर शहर में एक आवाज गूंज रही है।'

कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सामाजिक ढांचे में गहरी दरारें उभर रही हैं तो एकता का संकल्प लेने की जरूरत है। अबुआ सरकार (स्वशासन) के लिए लोगों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड ने हमेशा विरोध और संघर्षों को जन्म दिया है और झामुमो हर दिन भगवान बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू, अमर शहीद तेलंगा खारिया, फूलो-झानो, पोटो हो और शेख भिखारी जैसे नायकों की विरासत को आगे बढ़ा रहा है।

हाल के विधानसभा चुनावों में सोरेन ने बरहेट सीट पर जीत दर्ज की। उन्होंने भाजपा के गमलियाल हेम्ब्रम को 39,791 मतों के अंतर से हराया। सोरेन के झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 81 सदस्यीय विधानसभा में 56 सीटें हासिल कीं, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को 24 सीटें मिलीं।

## योगेंद्र प्रसाद महतो व कुमार जयमंगल सिंह को मंत्री बनाने की मांग





**गोमिया :** झारखंड में इंडिया गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बन रही है। इधर गोमिया विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद महतो व बेरमो विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी कुमार जयमंगल सिंह की ऐतिहासिक जीत के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने मंत्री बनाने की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस बोकारो जिला महासचिव रामकिशुन रविदास, मो0 फिरोज खान, प्रवीण कुमार, हसनैन गनी, चैता साव, कांग्रेस गोमिया प्रखंड महिला मोर्चा अध्यक्ष उर्मिला देवी, अनीता देवी व शर्मिला देवी ने उक्त दोनों नवनिर्वाचित विधायकों को बधाई देते हुए मंत्री बनाने का मांग किया है। इस संदर्भ में बोकारो जिला महासचिव रामकिशुन रविदास ने कहा कि बोकारो जिला का सर्वांगीण विकास के लिए योगेंद्र प्रसाद महतो व कुमार जयमंगल सिंह को मंत्री बनाने की आवश्यकता है। इस बार राज्य में स्थानीय नीति, नियोजन नीति व विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि अहम मुद्दों को प्राथमिकता के साथ लागू करनी चाहिए।

### सीसीएल में मना संविधान दिवस



**रांची:** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में संविधान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस वर्ष का विषय था हमारा संविधान, हमारा सम्मान । इस अवसर का उद्देश्य भारतीय संविधान के महत्व को रेखांकित करना और इसके सिद्धांतों, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति कर्मचारियों में जागरूकता बढ़ाना था। इस कार्यक्रम में सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) हरीश दुहान, यूनियन प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम के आरंभ में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

आशिक ने दी खौफनाक मौत

# पहले गला घोंटा फिर कर डाले 40 टुकड़े

## सच्चाई सुन पुलिस भी रह गई सन्न

**मेट्रो रेज**



**रांची/खूंटी:** खूंटी जिले में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। एक जंगली इलाके में कसाई का काम करने वाले 25 वर्षीय युवक ने पहले अपनी लिव-इन पार्टनर की गला घोंटकर हत्या की। फिर कथित तौर पर उसके शव को 40 से 50 टुकड़ों में काट दिया। आरोपी की पहचान नरेश भेंगरा के रूप में हुई, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

एक पुलिस अधिकारी ने ताया कि मामला हत्या के करीब एक पखवाड़े बाद तब सामने आया, जब 24 नवंबर को जरियागढ़ थाने के जोरदाग गांव के पास एक आवारा कुत्ते को मानव शरीर के अंग मिले।

**महिला के साथ तमिलनाडु में लिव-इन में रह रहा था आरोपी:** अधिकारी के अनुसार, भेंगरा पिछले कुछ वर्षों से खूंटी जिले की 24 वर्षीय मृतक महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में तमिलनाडु में रह रहा था। कुछ समय पहले आरोपी भेंगरा झारखंड लौट आया। इस बीच, उसने अपने लिव-इन पार्टनर को कुछ भी बताए बिना दूसरी शादी कर ली और तमिलनाडु वापस लौट गया।

**आठ नवंबर को आरोपी ने हत्याकांड को दिया अंजाम :** खूंटी के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने बताया कि घटना 8 नवंबर को हुई। भेंगरा और लिव-इन पार्टनर इस दिन खूंटी पहुंचे थे। भेंगरा की शादी से अनजान महिला ने उस पर खूंटी लौटने का दबाव डाला था। रांची पहुंचने के बाद, वे 24 नवंबर को ट्रेन में सवार हुए और भेंगरा के गांव चले गए। भेंगरा उसे शादी का भेद खुलने के डर से अपने घर ले जाना नहीं चाहता था।

**महिला को अपने घर नहीं ले जाना चाहता था आरोपी:** एक योजना के तहत, भेंगरा अपनी लिव-इन पार्टनर को ऑटो में अपने घर के पास खूंटी ले आया और इंतजार करने के लिए कहा। कुछ देर बाद वह धारदार हथियार (कुल्हाड़ी) के साथ लौटा और उसे जरियागढ़ पुलिस थाने के जोरदाग गांव में अपने घर के पास जंगल में ले गया। जहां उसने पहले महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए और फिर गला घोंटकर हत्या कर दी। बाद में, आरोपी ने महिला के शव के टुकड़े कर दिए। शव को जंगल में छोड़ आरोपी अपनी पत्नी के पास रहने के लिए चला गया।

**तमिलनाडु में कसाई की दुकान में काम करता था आरोपी:** जांच अधिकारी इंस्पेक्टर अशोक सिंह के अनुसार, आरोपी भेंगरा तमिलनाडु में एक कसाई की दुकान में काम करता था और चिकन काटने में माहिर था। सिंह के अनुसार, आरोपी ने स्वीकार किया है कि उसने महिला के शरीर को 40-50 टुकड़ों में काट दिया और जंगली जानवरों के खाने के लिए जंगल में छोड़ दिया।

जांच अधिकारी ने बताया कि महिला ने खूंटी लौटने से पहले अपनी मां को सूचना दी थी। इस दौरान उसने बताया था कि वह ट्रेन में चढ़ गई है और अपने साथी के साथ रहेगी।

अंग बरामदी के बाद जंगल में मिले बैग से हुई पहचानः शरीर के अंगों की बरामदगी के बाद, जंगल में एक बैग भी मिला, जिसमें हत्या की गई महिला के आधार कार्ड सहित उसका अन्य सामान था। महिला की मां को मौके पर बुलाया गया और उसने अपनी बेटी के सामान की पहचान की। जिसके बाद महिला ने आरोपी भेंगर पर हत्या का संदेह जताया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने अपना आरोप कबूल कर लिया।

**घटना ने श्रद्धा वॉकर हत्याकांड की याद ताजा की:** भयावह हत्याकांड ने क्षेत्र के लोगों को सदमे में डाल दिया है। इस घटना से 2022 का श्रद्धा वॉकर हत्याकांड फिर लोगों की यादों में ताजा हो गया है। वॉकर की भी उसके लिव-इन पार्टनर ने हत्या की थी। हत्या के बाद उसके शरीर को टुकड़ों में काट दिया था और उन्हें दक्षिण दिल्ली के महरौली के जंगल में फेंक दिया।


कार्यालय, जिला परिषद, राँची
(अभियंत्रण शाखा)

अति अल्पकालीन पुनः ई–निविदा आमंत्रण सूचना
टेन्डर रिफ्रेन्स नम्बर–DOPR/DE/Ranchi/Retender/21/2024-25
PR No.-336587

| S. No | योजना का नाम | स्वीकृत राशि (रुपये में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | राँची जिला अंतर्गत सिल्ली प्रखण्ड के मौजा–खापचाबेड़ा में इण्डोर (02 कोर्ट) निर्माण। | 1,42,25,100.00 | 2,85,000.00 | 10,000.00 | 12 माह |

नोट :–केवल ई–टेण्डर ही स्वीकार होंगे।
1. अधिक जानकारी के लिए बेवसाईट jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि–17.10.2024
3. ई–निविदा की प्राप्ति की तिथि एवं समय–18.10.2024 से 24.10.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि–25.10.2024 को 5.00 बजे अपराह्न।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता–जिला अभियंता, जिला परिषद, राँची।
ई–निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं0– 7739519093
6. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
8. Form of Bid एवं Bill of Quauntity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जाएगा।
9. निविदा डबल बीड प्रद्धति से होगा।
10. इस निविदा में जिला परिषद, राँची में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही भाग लेगें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद,राँची
PR 340510 Panchayati Raj(24-25).D



झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

ई- निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– RE-RDD/SD/HZB/27/2024-25 (2nd call)
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RE-RDD/SD/HZB/27/2024-25 (2nd call) | बरकट्ठा | हजारीबाग जिला के बरकट्ठा प्रखण्ड के नयाडीह में कुडसिवा नदी पर पुल निर्माण। | 3,53,05,200.00 | 7,06,200.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 05.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.12.2024 से दिनांक 17.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –18.12.2024 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
PR 340576 Rural Development (24-25)_D



पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा

नीलामी–सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पुलिस केन्द्र, सिमडेगा के परिसर में पुलिस वाहनों से बदली किए गए विभिन्न प्रकार के **कुल–308 टायर/ट्यूबों** की निलामी जिस स्थिति में है, के आधार पर दिनांक–18.12.2024 को 01:00 बजे अपराह्न में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति निलामी में भाग लेने से पूर्व दिनांक–12.12.2024 के 12:00 बजे अपराह्न तक 5,000/– रूपये अग्रधन राशि के रूप में जमा करनी होगी और उसी दिन टायर/ट्यूबों का निरिक्षण कर सकेंगे। पुराने टायर–ट्यूबों की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 | पुराना टायर–ट्यूबों का प्रकार | संख्या | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | जिप्सी–195/80R-15 | 08 | |
| 2 | कमाण्डर/थार/इंमेडर/जेनॉन/4x4 /स्पेसियो–185/85R-16 | 100 | |
| 3 | बोलेरो/सुमोगोल्ड/सुमोविक्टा/मिनीफोर्स–215/75R-15 | 72 | |
| 4 | सफारी/स्कॉर्पियो–235/70R-16 | 28 | |
| 5 | टाटाविंगर–185/85R-14 | 04 | |
| 6 | टाटा 407/टाटा 709/मिनी बस/कैदीवाहन/वज्रवाहन–7.50/8.25R-16 | 56 | |
| 7 | बस/वाटर कैनन/1212 ट्रक–1000.20 | 24 | |
| 8 | एचिवर मो0सा0/टी0भी0एस0 मो0सा0/हिरो होण्डा मो0सा0 –2.75/3.00.18 | 16 | |
| | कुल योग–308 | | |

नीलामी में भाग लेने वाले आम नागरिकों को निम्नलिखित शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा:–
1. नीलामी से पूर्व दिनांक–12.12.2024 के 12:00 बजे तक या इससे पूर्व तिथि को नीलामी हेतु प्रतिभूति के रूप में प्रति व्यक्ति 5,000/ रूपये का बैंक ड्राफ्ट/नगद राशि पुलिस अधीक्षक सिमडेगा के नाम जमा करना होगा।नीलामी में सफल होने पर उक्त राशि को टायरों के मुल्य में समायोजित करली जायेगी तथा शेश को तत्काल निलामी के बाद वापस कर दी जायेगी।
2. नीलामी की तिथि को समिति के अध्यक्ष के द्वारा रद्द किया जा सकता है। इसके लिए किसी प्रकार की अपील नहीं की जा सकती या मुआवजा की मांग नही की जा सकती।
3. उच्चतम डाक कर्ता द्वारा एक सप्ताह के अन्दर नीलामी राशि पूर्ण रूपसे यदि जमा नहीं की जाती है तो प्रतिभूति के रूप में जमा की गई राशि जप्त करली जायेगी।
4. नीलामी के आधार जो टायर–ट्यूब जहाँ है, जैसे है, के आधार पर भौतिक रूप से जिस स्थिति में होगा उसी स्थिति में देय होगा। इसके विरुद्ध किसी प्रकार का दावा नहीं किया जा सकेगा।
5. नीलामी समिति के अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा तथा निलामी रद्द करने या नीलामी की तिथि बढ़ाने हेतु निर्णय लेने में पूर्ण रूप से सक्षम होंगे। उनके द्वारा लिए गये निर्णय के चुनौती नहीं दी जा सकती है।

पुलिस अधीक्षक–सह–अध्यक्ष
नीलामी समिति सिमडेगा
PR 340584 Simdega(24-25)#D

मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, गुरुवार, 28 नवंबर 2024
संवत 2081, मार्गशीर्ष कृष्ण 13- मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 82 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ डायबिटीज एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती
यामिनी मल्होत्रा की बिग बॉस 18 में होगी एंट्री ◂◂ 6







# हेमंत सोरेन आज चौथी बार लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

■ राहुल, ममता-पवार सहित कई दिग्गज नेता रहेंगे मौजूद ■ आज शाम चार बजे सीएम पद की शपथ लेंगे हेमंत सोरेन

**मेट्रो रेज**

**रांची:** हेमंत सोरेन गुरुवार यानी आज रांची के मोरहाबादी मैदान में झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। एक भव्य समारोह में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। समारोह में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के दिग्गजों समेत कई प्रमुख नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शाम चार बजे हेमंत सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। 49 साल के झामुमो नेता हेमंत सोरेन चौथी बार मुख्यमंत्री बनेंगे।

**ऐसे रहे परिणाम:** हाल में हुए विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गमलियाल हेम्ब्रम को 39,791 मतों के अंतर से हराकर बरहेट सीट बरकरार रखी। सोरेन के झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 81 सदस्यीय विधानसभा में 56 सीट हासिल करके जीत हासिल की थी, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 24 सीट मिलीं।

सोरेन के अकेले ही शपथ लेने की उम्मीदः कांग्रेस महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि सोरेन के अकेले ही शपथ लेने की उम्मीद है और विधानसभा में विश्वास मत के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा। शपथग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के शामिल होने की संभावना है।



## हेमंत सरकार कैबिनेट की पहली बैठक आज

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण के बाद आज कैबिनेट की पहली बैठक होगी। बैठक शाम साढ़े पांच बजे से प्रोजेक्ट भवन में शुरू होगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं। इसमें विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने, रसोई गैस सिलेंडर 450 रुपए में उपलब्ध कराने के साथ राज्य के सबसे बड़े पुरस्कार का नाम बदलकर भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धो-कान्हू पुरस्कार करने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी मिल सकती है।

## चक्रवात फेंगल को लेकर अलर्ट मोड में नौसेना,आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट

**नई दिल्ली:** भारत के मौसम विभाग ने कहा है कि दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरे दबाव का क्षेत्र फिलहाल त्रिणकोमाली से 100 किमी उत्तर-पूर्वोत्तर में स्थिर बना हुआ है। आईएमडी के चेन्नई केंद्र ने कहा कि अगले 12 घंटे में चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है।

आईएमडी के ताजा बुलेटिन के मुताबिक, गहरे दबाव वाला क्षेत्र अभी श्रीलंका के तटीय इलाके के नजदीक पूर्व-पूर्वपश्चिम दिशा की तरफ बढ़ेगा और अगले 12 घंटे में चक्रवाती तूफान में बदल जाएगा। यह 30 नवंबर को सुबह तमिलनाडु-पुडुचेरी के तट के नजदीक करईकल और महाबलिपुरम के बीच से निकलेगा। इस दौरान चक्रवाती हवाओं की रफ्तार 50-60 किलोमीटर प्रतिघंटा से 70 किमी प्रतिघंटा तक जा सकती हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक, तमिलनाडु और पुडुचेरी में चक्रवात फेंगल के प्रभाव के दौरान भीषण बारिश होने की संभावना जताई गई है। खासकर चेन्नई के तटीय इलाकों में। इसके मद्देनजर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम ने करईकल और टीआर पटिनम में निचले क्षेत्रों का दौरा किया, जहां खतरे की संभावना सबसे ज्यादा है। टीम ने यहां सुरक्षा और जोखिम को लेकर तैयारियों को भी परखा।

भारतीय नौसेना ने चक्रवात के असर से निपटने के लिए कसी कमरः इस बीच भारतीय नौसेना ने चक्रवात से निपटने के लिए तैयारियों का जिक्र किया। नौसेना ने कहा कि वह जोखिम वाले सभी क्षेत्रों में राज्य और नागरिक प्रशासन से संपर्क में है और उन्हें जरूरी समर्थन मुहैया कराने की तैयारी कर रहा है। इसमें वाहनों को खाने, पानी, दवाओं के अलावा अन्य जरूरत की चीजों से भरा जा रहा है। इसके अलावा बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए बाढ़ राहत टीमों को भी तैयार रखा गया है। वहीं, आपात रेस्क्यू के लिए डाइविंग टीमों को भी स्टैंडबाई पर रखा गया है।

## युवती की हत्या, सामूहिक दुष्कर्म की आशंका

**सरायकेला:** जिले में एक युवती की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना सरायकेला थाना के साशन गांव के पास की है। गांव के पास खरकई नदी के किनारे से इस 18 वर्षीय युवती का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलते ही एसडीपीओ समीर सवैया, सरायकेला के थाना प्रभारी सतीश बर्नवाल दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की छानबीन की जा रही है। प्रथम दृष्ट्या दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। सरायकेला की पुलिस ने कहा है कि घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर शराब की बोतल और शक्तिवर्द्धक दवा के कवर बरामद हुए हैं। शव को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या की गई है। युवती को करीब 50 मीटर दूर तक घसीटा गया. बाद में सीमेंट से बने पिलर से कूचकर उसकी हत्या कर दी गई। घटना में एक से अधिक लोगों के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। युवती की पहचान नहीं हो पाई है। आसपास के ग्रामीण भी उसकी पहचान बताने में असमर्थ हैं।

## छापेमारी करने पहुंची ईडी की टीम पर हमला, पांच घायल

साइबर क्राइम से जुड़ा है मामला

**नई दिल्ली :** दिल्ली के बिडवासन इलाके में छापेमारी करने पहुंची ईडी की टीम पर हमला किया गया। पुष्पांजलि में एक फार्म हाउस पर साइबर क्राइम के मामले को लेकर ईडी की टीम रेड करने गई थी। इसी दौरान ईडी की टीम पर हमला कर दिया गया। इस दौरान उनके साथ लोकल पुलिस भी थी। जानकारी के मुताबिक फार्म हाउस का नाम ए के फॉर्म है। वहीं, इस हमले में 5 लोगों को चोटें आई हैं। ईडी की टीम साइबर क्राइम के एक मामले में आरोपी आकाश शर्मा के ठिकानों पर छापेमारी करने पहुंची थी इस दौरान उसके परिवार के लोगों ने हमला कर दिया। इस घटना में एक अधिकारी को भी चोट लगी है।




प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, जिस समय ईडी की टीम फार्म हाउस में पहुंची तो यहां पर 5 लोग थे। उन्होंने टीम पर हमला किया। इनमें से 4 को पकड़ लिया गया है और एक भागने में कामयाब हो गया है। पुलिस के अनुसार, हमले के दौरान कुर्सी भी उठाकर मारी गई है। पुलिस को मौके पर टूटी हुई कुर्सी मिली है। बता दें कि फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस अभी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हमला करने वाले कौन थे।

## मानव तस्करी मामले में एनआईए की बड़ी कार्रवाई 6 राज्यों के 22 ठिकानों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) मानव तस्करी मामले में 6 राज्यों के 22 जगहों पर छापेमारी कर रही है। विदेशी हाथ होने के शक में एनआईए (ने इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जानकारी के मुताबिक 6 राज्यों में यह छापेमारी चल रही है और कई देशों से इसके अंतरराष्ट्रीय तार जुड़े हुए है। 2024 में नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी ने मामला दर्ज किया था।

साइबर फ्रॉड मामले में नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी ने यह बड़ी कार्रवाई की है। साइबर फ्रॉड के जरिए बिहार गोपालगंज के युवाओं को विदेश में नौकरी देने के नाम पर लुभाया गया फिर जब वो विदेश गए तो उन्हे फर्जी काल सेंटर में बंधक बनाकर साइबर फ्रॉड का काम करवाया गया। वहीं म्यांमार लाओस से इस रैकेट के तार जुड़े होने की आशंका है।

इससे पहले, एनआईए ने 5 अक्टूबर को 5 राज्यों के 22 ठिकानों पर आतंकी साजिश और टेरर फंडिंग के शक में एक साथ छापेमारी की थी। एनआईए की ओर से यह छापेमारी महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में छापेमारी की गई थी। यह कार्रवाई आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मामलों को लेकर की गई थी। एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में बारामूला और अन्य क्षेत्रों में भी छापेमारी की थी। बारामूला में मौलवी इकबाल भट के घर पर एनआईए ने सुरक्षा बलों की मदद से तलाशी ली थी।

## मोदी को मार दूंगा! मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम में आया धमकी भरा फोन, महकमे में मचा हड़कंप



**नई दिल्ली:** मुंबई पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल रूम को गुरुवार को एक धमकी भरा कॉल आया। कॉल करने वाले ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की योजना बनाई गई थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, फोन करने वाले की पहचान एक महिला के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि मुंबई के अंबोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने कहा कि शुरूआती रिपोर्टों से पता चलता है कि महिला मानसिक रूप से परेशान है, लेकिन अधिकारी मानक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए जांच आगे बढ़ा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और संदिग्ध पर नजर रखने के दौरान सभी प्रोटोकॉल का पालन कर रही है। पिछले साल जुलाई में भी मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को इसी तरह की धमकी भरी कॉल आई थी, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की चेतावनी दी गई थी। अधिकारियों के मुताबिक, एक अज्ञात व्यक्ति ने मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम के लैंडलाइन नंबर पर कॉल करके प्रधानमंत्री और यूपी सीएम को जान से मारने की धमकी दी थी। फोन करने वाले ने कथित तौर पर देश में 26/11 जैसा हमला करने की भी धमकी दी थी। इस महीने की शुरूआत में, शिवसेना के हरियाणा प्रभारी विक्रम सिंह ने साइबर पुलिस में एक ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्हें एक व्यक्ति से धमकी भरा फोन आया था, जिसने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से होने का दावा किया था। पुलिस ने कहा, उन्होंने दावा किया कि फोन करने वाले ने, जिसने खुद को रोहित गोदारा बताया, अपने व्यवसाय में हिस्सेदारी की मांग की।

## अजमेर दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा, कोर्ट ने याचिका मंजूर कर सभी पक्षकारों को भेजा नोटिस

**अजमेर:** राजस्थान के अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह को हिंदू मंदिर बताने वाली याचिका को निचली अदालत ने मंजूर कर लिया है। अदालत ने सभी पक्षकारों को नोटिस जारी करते हुए 20 दिसंबर 2024 को अगली सुनवाई की तारीख तय की है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के निवासी हिंदू सेना के विष्णु गुप्ता ने अजमेर में स्थित ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह को हिंदू पूजा स्थल होने की निचली अदालत में दायर की थी। इस याचिका पर अजमेर पश्चिम सिविल जज सीनियर डिवीजन मनमोहन चंदेल की अदालत ने सुनवाई की। इस दौरान वादी विष्णु गुप्ता के वाद पर जज ने संज्ञान लेते हुए दरगाह कमेटी, अल्पसंख्यक मामलात व भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण धरोहर (एएसआई) को नोटिस जारी करने के आदेश दिया है। बता दें कि मामले में कल यानी मंगलवार को भी सुनवाई हुई थी। आज भी



न्यायालय में सुनवाई हुई और न्यायालय ने वाद को स्वीकार करते हुए दरगाह कमेटी, अल्पसंख्यक मामलात व भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण धरोहर को नोटिस जारी करने के आदेश जारी करने का फैसला दिया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, विष्णु गुप्ता की तरफ से हरदयाल शारदा की ओर से लिखी पुस्तक का हवाला देते हुए वाद पेश किया गया था। जिसमें, उन्होंने अजमेर स्थित ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा किया है। इस मामले में कोर्ट सुनवाई 20 को करेगी। बता दें कि हिंदू संगठन अजमेर दरगाह को लंबे समय से मंदिर बता रहे हैं। 2022 में हिंदू संगठन महाराणा प्रताप सेना ने दरगाह के मंदिर होने का दावा करते हुए राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत और केंद्र सरकार को पत्र लिखा था और इसकी जांच की मांग की थी। ज्ञात हो कि हाल ही में उत्तर प्रदेश के संभल में शाही जामा मस्जिद को हरिहर मंदिर बताने वाली याचिका पर सुनवाई की थी। कोर्ट ने मस्जिद के सर्वे का आदेश दिया था। पहला सर्वे 19 नवंबर को रात में सर्वे हुआ था। 24 नवंबर को दूसरी बार सर्वे टीम मस्जिद के सर्वे के लिए पहुंची थी। सर्वे के खिलाफ बड़ी संख्या में लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान हिंसा भड़क गई थी।

पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पथराव किया था और आंसू गैस के गोले दागे थे। हालांकि, बवाल के दौरान पांच युवकों की मौत हो गई थी और कई घायल हो गए थे। पुलिस ने कई उपद्रवियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। संभल में अब जनजीवन सामान्य होने लगा है। स्कूल खुल गए हैं और जरूरी सामान बेचने वाली कई दुकानें भी खुल गई हैं, हालांकि जिले में इंटरनेट सेवाएं अभी भी निलंबित हैं। प्रशासन ने हिंसा के बाद संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा कड़ी है।

## सुविचार

**इंसान तो घर-घर पैदा होते हैं, लेकिन इंसानियत बस कहीं-कहीं ही जन्म लेती है।**

## गलत क्यों हैं अमीर देश?

अजरबैजान की राजधानी बाकू में हो रही 29वीं कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (कॉप-29) का जिस तीखी असहमति और कड़वे बयानों के साथ समापन हुआ, उसे किसी भी रूप में पॉजिटिव नहीं कहा जा सकता। क्लाइमेट चेंज जैसे अहम मसले पर विकासशील और विकसित देशों के बीच अविश्वास और संदेह का माहौल बनना भविष्य में सभी देशों की साझा पहल की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकता है। विकासशील देशों में इस तरह से छले जाने का भाव पैदा होने के पीछे सबसे बड़ी वजह रही विकसित देशों की कंजूसी। कहां तो ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाने वाले कदमों का खर्च उठाने में विकासशील देशों की मदद करने के लिए सालाना 1.3 ट्रिलियन डॉलर तक का योगदान जुटाने की बात थी और कहां विकसित देश सालाना 300 बिलियन डॉलर पर आकर ठहर गए। जिस तरह से इस मामूली और नाकाफी टारगेट को तय किया गया - न तो इस पर ढंग से चर्चा होने दी गई और न ही संबंधित राष्ट्रों को विरोध दर्ज करने का मौका दिया गया - उससे भी विकासशील देशों में नाराजगी पैदा हुई। एक और बात यह रही कि यह रकम भी विकासशील देशों को पूरी तरह ग्रांट के रूप में नहीं मुहैया कराई जाएगी। इसे विभिन्न सरकारों के साथ ही प्राइवेट स्रोतों से भी जुटाने की बात है जिसमें मल्टिलैटरल डिवेलपमेंट बैंक भी शामिल हैं। जाहिर है, कर्ज और उससे जुड़ी शर्तें भी विकासशील देशों के हिस्से आने वाली हैं। सम्मेलन के आखिर में बने इस माहौल से अलग हटकर देखा जाए तो दिलचस्प है कि अमेरिका में निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का कार्यकाल अभी शुरू नहीं हुआ है, न ही वह इस सम्मेलन में मौजूद रहे, इसके बावजूद सम्मेलन पर उनका साया महसूस होता रहा। यह बात सबके ध्यान में थी कि आगामी 20 जनवरी से शुरू हो रहे उनके कार्यकाल के दौरान क्लाइमेट चेंज के मसले पर अमेरिका से किसी तरह के पॉजिटिव रुख की उम्मीद नहीं की जा सकती। ऐसे में कई विकसित देशों के प्रतिनिधियों की दिलचस्पी यह सुनिश्चित करने में थी कि फंड कम हो या ज्यादा, पर क्लाइमेट चेंज को लेकर जिस तरह की वैश्विक सहमति हासिल की जा चुकी है, उसे आने वाले वर्षों में कोई नुकसान न पहंचाया जा सके। भारत ने अपनी अब तक की भूमिका के अनुरूप ही विकसित देशों के नकारात्मक रुख का तीव्र विरोध करने में विकासशील देशों की अगुआई की और ग्लोबल साउथ के देशों की प्राथमिकताओं का ख्याल न रखने वाले इस फैसले को गलत बताया। बहरहाल, असंतोष और नाराजगी के बावजूद यह ध्यान रखना जरूरी है कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से लड़ने के वैश्विक संकल्प को कमजोर न पड़ने दिया जाए।

## संभल हिंसा जैसे मामले रुक सकते हैं

संभल में जो कुछ घट रहा है वह देश पहली बार नहीं देख रहा और इससे फिर जाहिर हो गया है कि ढ्ीॅर ङ्मा हङ्क१२ॅस्त्र अू३, 1991 जैसा कानून होने के बाद भी एक ही गलती दोहराई जा रही है। संभल में किसकी गोली से चार लोगों की जान गई, यह जांच का विषय हो सकता है, लेकिन यह स्पष्ट है कि न्यायपालिका की एक चूक ने संभल को इस स्थिति में पहुंचा दिया है। यह विवाद भी उसी तरह आकार ले रहा है, जैसे काशी और मथुरा में। संभल की जामा मस्जिद का मामला संवेदनशील है, ऐसे में पहला सवाल तो यही उठता है कि जिला अदालत ने इतने आनन-फानन में फैसला क्यों दिया? एक याचिका आती है, जिसमें दावा किया जाता है कि इस जगह मंदिर हुआ करता था, जिसे सन 1526 में मुगल बादशाह बाबर ने ध्वस्त कर मस्जिद का निर्माण कराया। याचिका पर उसी दिन सुनवाई होती है और सर्वे का आदेश आ जाता है। आखिर, सर्वे का आदेश देने की इतनी जल्दी क्या थी?1991 को राम जन्मभूमि विवाद की परछाई में लाया गया था। यह कहता है कि 15 अगस्त 1947 को जो पूजास्थल जिस धार्मिक स्वरूप में था, वह वैसा ही रहेगा और उसे बदला नहीं जा सकेगा। यहां तक कि एक ही धर्म के भीतर दूसरे संप्रदाय में भी उस स्थल का बदलाव नहीं होगा। जब यह एक्ट आया, तब अयोध्या मामला सुप्रीम कोर्ट में था, तो उसे अलग रखा गया। लेकिन, अब यह हो रहा है कि आए दिन किसी जगह को लेकर अदालतों में याचिका डाली जा रही है और आश्चर्य है कि सर्वे के लिए आदेश भी दिया जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि विवादों के बांध को खोल दिया गया है। इसकी एक वजह खुद सुप्रीम कोर्ट के पूर्व उखकडीवाई चंद्रचूड़ द्वारा की गई ढ्ीॅर ङ्मा हङ्क१२ॅस्त्र अू३ की अतिरिक्त व्याख्या है। मई 2022 में चंद्रचूड़ ने कहा था कि किसी पूजास्थल का धार्मिक स्वरूप नहीं बदला जा सकता, लेकिन धार्मिक स्वरूप की जांच करने से कानून नहीं रोकता। इस व्याख्या ने विवादों को पैर जमाने की जगह दे दी। अब इसी की आड़ में तमाम जगह सर्वे की मांग उठ रही है।

सुप्रीम कोर्ट में 1991 के कानून को चुनौती देने वाली याचिकाएं लंबित हैं। 2022 में तत्कालीन उखकयूू ललित की अगुआई वाली बेंच ने केंद्र सरकार से इस मसले पर जवाब मांगा था, जो अभी तक नहीं मिला है। सरकार की चुप्पी और निचली अदालतों की अतिरिक्त तेजी से देश में सांप्रदायिक तनाव पैदा हो रहा है। बेहतर होगा कि सुप्रीम कोर्ट इसमें दखल देकर निचली अदालतों के लिए दिशा-निर्देश जारी करे कि इस तरह के मामलों को किस तरह से हैंडल करना है, वरना यह आग फैलती ही जाएगी।

# डायबिटीज एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती

**ब ग्लूकोज आपके रक्त प्रवाह में होता है, तो उसे अपने अंतिम गंतव्य तक पहुँचने के लिए मदद की जरूरत होती है–यह कुंजी इंसुलिन (एक हार्मोन) है। यदि आपका अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन नहीं बना रहा है या आपका शरीर इसका सही तरीके से उपयोग नहीं कर रहा है, तो आपके रक्त प्रवाह में ग्लूकोज जमा हो जाता है, जिससे उच्च रक्त शर्करा (हाइपरग्लाइसेमिया) होता है। समय के साथ, लगातार उच्च रक्त शर्करा स्तर के कारण स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं।**

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

डायबिटीज वैश्विक स्तर पर गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती के रूप में उभरा है। भारत अब इसकी बढ़ती संख्या और निदान न किए गए मामले, दोनों में सबसे आगे है। भारत में 212 मिलियन लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं और 30 वर्ष से अधिक आयु के 133 मिलियन लोग उपचार के बिना रह रहे हैं। जीवनशैली में बदलाव, आहार पैटर्न और तंबाकू के उपयोग कारण भारत में डायबिटीज के मामलों में वृद्धि, विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2030 के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्त्वपूर्ण बाधाएँ खड़ी करती है, यह सुनिश्चित करना कि डायबिटीज से पीड़ित 80% लोगों का निदान हो और उनमें से 80% ग्लाइसेमिक नियंत्रण प्राप्त करें।

डायबिटीज ऐसी स्थिति है जो तब होती है जब आपका रक्त शर्करा (ग्लूकोज) बहुत अधिक होता है। यह तब विकसित होता है जब आपका अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन नहीं बनाता है या बिल्कुल भी नहीं बनाता है, या जब आपका शरीर इंसुलिन के प्रभावों पर ठीक से प्रतिक्रिया नहीं करता है। डायबिटीज सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करता है। डायबिटीज के अधिकांश रूप जीर्ण (जीवन भर चलने वाले) होते हैं और इसके सभी रूपों को दवाओं और जीवनशैली में बदलाव के साथ नियंत्रित किया जा सकता है। ग्लूकोज (चीनी) मुख्य रूप से आपके भोजन और पेय पदार्थों में मौजूद कार्बोहाइड्रेट से आता है। यह आपके शरीर की ऊर्जा का मुख्य स्रोत है। आपका रक्त ऊर्जा के लिए उपयोग किए जाने वाले ग्लूकोज को आपके शरीर की सभी कोशिकाओं तक पहुँचाता है।जब ग्लूकोज आपके रक्त प्रवाह में होता है, तो उसे अपने अंतिम गंतव्य तक पहुँचने के लिए मदद की जरूरत होती है-यह कुंजी इंसुलिन (एक हार्मोन) है। यदि आपका अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन नहीं बना रहा है या आपका शरीर इसका सही तरीके से उपयोग नहीं कर रहा है, तो आपके रक्त प्रवाह में ग्लूकोज जमा हो जाता है, जिससे उच्च रक्त शर्करा (हाइपरग्लाइसेमिया) होता है। समय के साथ, लगातार उच्च रक्त शर्करा स्तर के कारण स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, जैसे हृदय रोग, तंत्रिका क्षति और आंखों की समस्याएँ। डायबिटीज का तकनीकी नाम डायबिटीज मेलिटस है। एक अन्य ₹डायबिटीज₹ है- डायबिटीज इन्सिपिडस-लेकिन वे अलग-अलग हैं। वे ₹डायबिटीज₹ नाम साझा करते हैं क्योंकि वे दोनों अधिक प्यास और बार-बार पेशाब का कारण बनते हैं। डायबिटीज इन्सिपिडस डायबिटीज मेलिटस की तुलना में बहुत दुर्लभ है। हाल ही में किए गए अध्ययनों में उपवास प्लाज्मा ग्लूकोज के स्तर को शामिल करते हुए डायबिटीज के प्रसार का अधिक व्यापक मूल्यांकन प्रदान किया गया है। यह विशेष रूप से दक्षिण एशिया जैसे उच्च बोझ वाले क्षेत्रों में निदान न किए गए मामलों की पहचान करने में मदद करता है। कैंसर, डायबिटीज, हृदय रोग और स्ट्रोक की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत पहल का उद्देश्य निःशुल्क जांच और प्रबंधन सेवाएँ प्रदान करना है। निदान तक पहुँच का विस्तार करने के लिए आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों का उपयोग किया जा रहा है। टेली मेडिसिन सेवाएँ और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयाँ कम सेवा वाले क्षेत्रों तक पहुँचने के लिए तेजी से तैनात की जा रही हैं। डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म का एकीकरण रोगी ट्रैकिंग और फॉलो-अप का समर्थन करता है। राष्ट्रीय अभियान डायबिटीज के जोखिम कारकों को कम करने के लिए स्वस्थ आहार और शारीरिक गतिविधि जैसे जीवनशैली में बदलावों को उजागर करते हैं। 30 वर्ष से अधिक आयु के 133 मिलियन लोगों में निदान नहीं होने के कारण, प्रारंभिक पहचान में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है।

कई व्यक्ति अपनी स्थिति के बारे में लक्षणहीन या अनजान रहते हैं, विशेष रूप से ग्रामीण और कम सेवा वाले क्षेत्रों में। कार्बोहाइड्रेट और संतृप्त वसा से भरपूर अस्वास्थ्यकर आहार, गतिहीन जीवन शैली और डायबिटीज के जोखिम कारक के रूप में तम्बाकू के उपयोग पर अपर्याप्त सार्वजनिक ध्यान समस्या को बढ़ाता है। तम्बाकू के उपयोग से डायबिटीज का खतरा 30-40% बढ़ जाता है, फिर भी सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों में डायबिटीज से इसके सम्बंध को कम महत्त्व दिया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में नैदानिक? ?सुविधाओं और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की महत्त्वपूर्ण कमी है। मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में गर्भावधि डायबिटीज प्रबंधन का खराब एकीकरण माताओं और बच्चों के लिए दीर्घकालिक जोखिम को बढ़ाता है। डायबिटीज देखभाल के लिए उच्च आउट-ऑफ-पॉकेट खर्च कई व्यक्तियों को समय पर निदान और उपचार लेने से रोकता है। समन्वित कार्यवाही का अभावः निदान सेवाओं, उपचार सुविधाओं और समुदाय-आधारित हस्तक्षेपों के बीच कमजोर सम्बंध व्यापक डायबिटीज प्रबंधन में बाधा डालते हैं। डायबिटीज का निदान जीवन बदलने वाली घटना है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप एक खुशहाल और स्वस्थ जीवन नहीं जी सकते। डायबिटीज का प्रबंधन करने के लिए निरंतर देखभाल और परिश्रम की आवश्यकता होती है। हालाँकि यह शुरू में बहुत भारी लग सकता है लेकिन समय के साथ आप इस स्थिति का प्रबंधन करने और अपने शरीर के साथ तालमेल बिठाने में बेहतर समझ हासिल कर लेंगे। अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से नियमित रूप से मिलते रहें। डायबिटीज के प्रबंधन में टीम के प्रयास की आवश्यकता होती है-आप चाहेंगे कि चिकित्सा पेशेवर, मित्र और परिवार आपके साथ हों। यदि आपको मदद की आवश्यकता हो तो उनसे संपर्क करने में संकोच न करें।

भारत ने डायबिटीज को लेकर कई कदम उठाए हैं, चुनौती की गंभीरता को देखते हुए गहन और समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। निदान को बढ़ाना, प्राथमिक स्तर पर व्यापक देखभाल को एकीकृत करना और जीवनशैली और व्यवहार सम्बंधी कारकों, विशेष रूप से तंबाकू के उपयोग को सम्बोधित करना, 2030 के डब्ल्यूएचओ लक्ष्यों को पूरा करने के लिए महत्त्वपूर्ण हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# आत्मनिर्भरता के लिए तकनीकी वस्त्रों में नवाचार

**दिल्ली में राष्ट्रीय वस्त्र परीक्षण प्रयोगशालाएँ यूरोपीय मानकों को पूरा करने वाले प्रमाणपत्र प्रदान करती हैं, जिससे निर्यात क्षमता में वृद्धि होती है। नए आईपीआर दिशा-निर्देश स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास और संरक्षण को प्रोत्साहित करते हैं, जिससे भारत के तकनीकी वस्त्र क्षेत्र के बौद्धिक संपदा आधार को मजबूती मिलती है।**

**प्रियंका सौरभ**

उच्च प्रदर्शन सामग्री के रूप में तकनीकी वस्त्र आयात पर निर्भरता को कम करके और स्वदेशी क्षमताओं को बढ़ावा देकर रक्षा, स्वास्थ्य सेवा और बुनियादी ढाँचे जैसे क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक हैं। तकनीकी वस्त्र, जैसे कि जियो टेक्सटाइल, बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं की स्थायित्व और दक्षता को बढ़ाने के लिए महत्त्वपूर्ण हैं, खासकर प्राकृतिक आपदाओं से ग्रस्त क्षेत्रों में। तकनीकी वस्त्र क्षेत्र एक नए युग का वस्त्र है, जिसका उपयोग अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों में होता है। तकनीकी वस्त्र ऐसा कपड़ा उत्पाद है, जो गैर-सौंदर्य प्रयोजनों के लिए निर्मित होता है, जहाँ कार्य प्राथमिक मानदंड होता है।

तकनीकी वस्त्रों में ऑटोमोटिव अनुप्रयोगों के लिए वस्त्र, चिकित्सा वस्त्र, भू-वस्त्र, कृषि-वस्त्र और सुरक्षात्मक कपड़े शामिल हैं। सरकार ने तकनीकी वस्त्रों और उनके अनुप्रयोगों में अनुसंधान एवं विकास प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन भी शुरू किया है। पूर्वोत्तर भारत के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में सड़कों को स्थिर करने के लिए जियो टेक्सटाइल का उपयोग किया जाता है, जिससे विदेशी समाधानों पर निर्भरता कम होती है। रक्षा और एयरोस्पेस के लिए उन्नत वस्त्र यह सुनिश्चित करते हैं कि भारत अपनी रणनीतिक आवश्यकताओं को स्वतंत्र रूप से पूरा करे।

डीआरडीओ द्वारा सैन्य उपयोग के लिए स्वदेशी अरामिड-आधारित सुरक्षात्मक गियर विकसित किया गया था, जिससे महंगे आयात पर निर्भरता कम हुई। सर्जिकल मास्क, पीपीई और बायोडिग्रेडेबल मेडिकल फैब्रिक जैसे मेडिकल टेक्सटाइल स्वास्थ्य सेवा में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करते हैं, जो आपातकालीन प्रतिक्रियाओं के लिए महत्त्वपूर्ण है। महामारी के दौरान भारत ने पीपीई किट के घरेलू उत्पादन को बढ़ाया और कुछ ही महीनों में आत्मनिर्भरता हासिल कर ली। एग्रोटेक फैब्रिक्स जैसे तकनीकी वस्त्र कृषि उत्पादकता में सुधार करते हैं, ग्रामीण विकास का समर्थन करते हैं और आयातित कृषि-समाधानों पर निर्भरता कम करते हैं। पॉलीहाउस कवर और फसल सुरक्षा जाल सालभर खेती के लिए नियंत्रित वातावरण बनाकर पैदावार बढ़ाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी वस्त्र इकाइयाँ स्थापित करने से रोजगार सर्जन को बढ़ावा मिल सकता है, स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ने में मदद मिल सकती है और स्थायी आजीविका का समर्थन हो सकता है। ग्रामीण महाराष्ट्र में तकनीकी वस्त्र निर्माण के विकास ने स्थानीय समुदायों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान किया है। चूंकि तकनीकी वस्त्र आयात-निर्भर संसाधनों की आवश्यकता को कम करते हैं इसलिए वे भारत की अर्थव्यवस्था को जलवायु-संचालित वैश्विक आपूर्ति झटकों के प्रति कम संवेदनशील बनाते हैं।

बायोडिग्रेडेबल टेक्सटाइल सामग्री का स्वदेशी उत्पादन पर्यावरणीय प्रभाव को कम करता है और आयात निर्भरता को कम करता है। स्मार्ट, टिकाऊ और मिश्रित वस्त्रों में अनुसंधान के लिए मिशन का वित्तपोषण ऐसे नवाचारों को बढ़ावा देता है जो घरेलू स्तर पर क्षेत्र-विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं। नमी सोखने वाले कपड़ों पर आईआईटी दिल्ली में शोध रक्षा कर्मियों के लिए सुरक्षात्मक गियर को बढ़ाता है। मिशन अनुसंधान संस्थानों और उद्योग के बीच साझेदारी की सुविधा प्रदान करता है, जिससे नई तकनीकों के तेजी से व्यावसायीकरण को बढ़ावा मिलता है। उन्नत चिकित्सा वस्त्रों के उत्पादन के लिए एसएमई को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण ने घरेलू आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत किया है। मानकों और गुणवत्ता में सुधार करके, मिशन वैश्विक बाजारों में उच्च मूल्य वाले तकनीकी वस्त्रों का निर्यात करने की भारत की क्षमता को बढ़ाता है, जिससे आर्थिक विकास को समर्थन मिलता है। मिशन द्वारा समर्थित गुणवत्ता प्रमाणन के कारण यूरोप को भारत के तकनीकी वस्त्रों के निर्यात में वृद्धि हुई है। समर्पित परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना वैश्विक मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करती है, जिससे उत्पाद की विश्वसनीयता में सुधार होता है।

दिल्ली में राष्ट्रीय वस्त्र परीक्षण प्रयोगशालाएँ यूरोपीय मानकों को पूरा करने वाले प्रमाणपत्र प्रदान करती हैं, जिससे निर्यात क्षमता में वृद्धि होती है। नए आईपीआर दिशा-निर्देश स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास और संरक्षण को प्रोत्साहित करते हैं, जिससे भारत के तकनीकी वस्त्र क्षेत्र के बौद्धिक संपदा आधार को मजबूती मिलती है। स्मार्ट टेक्सटाइल के लिए आईआईटी मद्रास जैसे संस्थानों द्वारा दायर आईपीआर पेटेंट यह सुनिश्चित करते हैं कि मालिकाना तकनीक भारत के भीतर ही रहे। मिशन के तहत विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्नत वस्त्र निर्माण के लिए तकनीकी कौशल को बढ़ाते हैं, उत्पादकता और नवाचार को बढ़ाते हैं। कपड़ा क्षेत्र कौशल परिषद के साथ सहयोग ने तकनीकी वस्त्र उद्योग में हजारों लोगों को प्रशिक्षित किया है। राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक नवाचार को बढ़ावा देता है, जिससे आयात निर्भरता के खिलाफ भारत की लचीलापन बढ़ता है। मिशन के तहत अनुसंधान एवं विकास तथा कौशल निर्माण में निरंतर निवेश से उच्च प्रदर्शन वाले वस्त्रों में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और मजबूत होगी।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# ब्रह्मपुराण में कहा गया है कि गोदावरी के तट पर हर चार अंगुल पर तीर्थ हैं

ब्रह्मपुराण में गोदावरी की महिमा के बारे में बताया गया है। महर्षि गौतम ने शंकर जी की कृपा से पृथ्वी पर इन्हें अवतरित किया। एक पुराण के अनुसार एक ब्राह्मणी योगाभ्यास करते-करते गोदावरी बन गई। गोदावरी पश्चिम घाट त्र्यम्बक पर्वत से निकल कर बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है। आयुर्वेद के अनुसार इसका जल औषधि है। ब्रह्मपुराण में कहा गया है कि गोदावरी के तट पर हर चार अंगुल पर तीर्थ हैं। गोदावरी की सात धाराएं निकलती हैं जिनके नाम हैं- वशिष्ठा, कौषिकी, बृद्ध, गौतमी, भारतद्वाजी, आत्रेयी और तुल्या।

गोदावरी के प्रमुख तीर्थों में नासिक की महिमा बहुत मानी जाती है। यहां पर त्र्यम्बकेश्वर की गणना द्वादश-ज्योतिर्लिंग में की जाती है। भगवान राम ने यहीं पंचवटी में वनवास के कई साल बिताये थे। यहीं से सीता का हरण हुआ था। प्रत्येक बारह वर्ष पर जब बृहस्पति सिंह राशि में होते हैं तो नासिक में कुम्भ पर्व होता है। मुंबई से दिल्ली जाने वाले मार्ग पर नासिक रोड़ प्रसिद्ध स्टेशन है। नासिक और पंचवटी वास्तव में दोनों एक नगर हैं। गोदावरी दोनों के बीच से बहती है। दोनों ही तटों पर तीर्थों की भरमार है। गोदावरी त्र्यम्बक के पास से निकलती है। वर्षा के बाद यहां बहुत अधिक जल नहीं रहता। गोदावरी पर कई पुल बने हैं। गोदवरी में रामकुण्ड, सीताकुण्ड, लक्ष्मणकुण्ड, धनुषकुण्ड आदि अनेक तीर्थ हैं। स्नान का मुख्य स्थान रामकुण्ड है। रामकुण्ड में कुछ दूरी पर अरुणा की धारा गोदावरी में गिरती है। इसे अरुणा संगम कहते हैं। इसके पास सूर्य, चंद्र, अश्विनी तीर्थ हैं। लोग यहां कपड़े पहनकर स्नान करते हैं। रामकुण्ड के पीछे सीताकुण्ड है। पास में द्विमुखी हनुमान की प्रतिमा है। वहीं हनुमान कुण्ड, दशाश्वमेध तीर्थ हैं। पास में नारो शंकर मंदिर है। उसके आगे पेशवा कुण्ड, खण्डोवा कुण्ड, ओक कुण्ड, वैशम्पायन कुण्ड, इन्द्र कुण्ड, मुक्तेश्वर कुण्ड हैं। इसी गोदावरी में अहिल्या संगम तीर्थ है। सभी कुण्डों पर स्नान-ध्यान, पिण्डदान और तर्पण किये जाते हैं। रामकुण्ड के ऊपर गंगाजी का मंदिर है। पास में गोदावरी मंदिर है। यह बारह वर्ष में केवल एक बार खुलता है। मंदिर के सामने बाणेश्वर शिवलिंग है। पास ही राम मंदिर है जिसे अहिल्याबाई ने स्थापित किया था। वहीं कुछ सीढ़ी ऊपर कपालेश्वर शिव मंदिर है। कपालेश्वर से दो फलांग की दूरी पर विशाल राम मंदिर काले पत्थर से निर्मित है। वहीं पंचवटी है जहां पांच बरगद के वृक्ष हैं। बरगद के वृक्ष के पास सीता गुफा है। सीता गुफा के पास ही भगवान नटराज की मूर्ति है। पास में ही राम गया तीर्थ है। पंचवटी के पुल के पास सुन्दरनारायण भगवान की मूर्ति है। यहां के प्रसिद्ध अन्य मंदिर निम्न हैं- उमा महेश्वर, नील कण्ठेश्वर, पंचरत्नेश्वर, गोराराम मंदिर, मुरलीधर, तिलभाण्डेश्वर, भद्रकाली, एकमुखदन्त एवं मुक्तेश्वर की अत्यन्त सुंदर कलापूर्ण मंदिर हैं। जहां गोदावरी में कपिला नामक नदी मिलती है वही तपोवन है। यहीं शूर्पणखा की नाक लक्ष्मण ने काटी थी। यहां आठ तीर्थ हैं- ब्रह्म तीर्थ, शिव तीर्थ, विष्णु तीर्थ, अग्नि तीर्थ, मुक्ति तीर्थ, कपिला तीर्थ और संगम तीर्थ। इन तीर्थों के पास कई मंदिर हैं। नासिक से दस किमी की दूरी पर गंगापुर प्रपात है लेकिन अब यह प्रप्रात लुप्त हो गया है लेकिन यहां अनेक छोटे-छोटे तीर्थ हैं।

## सेहत

### सर्दी से होने वाली बीमारियों से बचें

सर्दियां ने दस्तक दे चुकी है लेकिन कुछ लोग फैशन के चलते है गर्म कपड़े अभी पहनने से बच रहे हैं। अगर आप भी ऐसा कर रहे हैं, तो आप जल्द ही बीमार पड़ सकते है। सर्दियों में मस्ती भरे दिन तो जरुर होते ही साथ में कई बीमारियां भी लेकर आते हैं। ठंड के मौसम में सर्दी औप फ्लू आपको परेशान कर सकता है। अगर आप भी इस मौसम में गर्म कपड़े नहीं पहन रहे तो सर्द हवाओं के चलते आपके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाएगी। इसलिए कुछ बातों का ध्यान रखकर अपनी सेहता का ध्यान रखें। इस मौसम में खांसी और जुकाम जैसी समस्या बहुज जल्द घेर लेती है। वैसे तो सामान्य रुप से होने वाली सर्दी ज्यादा परेशान तो नहीं करती लेकिन यह कई दिन चलती है। जिस वजह से आपको काफी तकलीफ हो सकती है। जैसे कि नाक से पानी बहना, गले में दर्द, तेज सिरदर्द और बलगम जमना होना। यह सब समस्याएं परेशान करती है। ठंड के मौसम में फ्लू की बीमारी सबसे ज्यादा फैलती है। इस कारण आपके नाक, मुंह, गले और फेफड़ों को प्रभावित करता है। फ्लू के दौरान बुखार भी आ जाता है, जिस ठीक होने में 4–5 दिन लग जाते हैं। हालांकि, खांसी और गले का दर्द भी काफी परेशान करता है। सर्दियों को दौरान ड्राई स्किन होना आम बात है। ठंड में गर्म पानी से नहाने और धूप में बैठे रहने से स्किन ड्राई होने लगती है। कई बार तो स्किन में रैशेज होने लगते है। वहीं, यूवी किरणें हमारी स्किन को नुकसान पहुंचा सकती हैं। – ठंड के मौसम में साफ–सफाई का ध्यान रखना काफी जरुरी है। इस दौरान बैक्टीरियल इंफेक्शन ज्यादा फैलता है।

– जितना आराम करेंगे उतना बेस्ट है। इसके साथ ही लिक्विड चीजों का सेवन ज्यादा करें।

– अगर आपके आसपास जिन लोगों को जुकाम हो रखा है, उन सभी से दूरी बनाकर रखें। उनकी चीजों का यूज न करें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

**न्यूज ब्रीफ**

## अवैध खनन मामले में न्यायलय के निर्देश पर सीबीआई की टीम के द्वारा कार्रवाई



**साहिबगंज :** सीबीआई की पांच सदस्यीय टीम बुधवार को साहिबगंज जिले के मंडरो अंचल अंतर्गत गिलामारी मौजा स्थित प्लॉट संख्या 398 ,399 404, 405,406,408 पहुंचकर अवैध पत्थर खनन को लेकर सीबीआई की टीम जांच की। बताते चलें कि सीबीआई की टीम ने जय माता दी स्टोन वर्क के संचालक संजय जयसवाल का पत्थर खदान का सीबीआई ने अंचल निरीक्षक सचितानंद राय, बोरियो अंचल अमीर राजेश ठाकुर से खदान की मापी कराया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लीज एरिया से अधिक क्षेत्र में अवैध खनन मामले में न्यायलय के निर्देश पर सीबीआई की टीम उक्त कार्रवाई कर रही है। ने मापी कराया। मौके पर सीबीआई की पांच सदस्यीय टीम के अलावे मिजाचौकी और मुफस्सिल थाने की पुलिस पदाधिकारी के साथ-साथ पुलिस के जवान उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित



**साहिबगंज/बरहरवा:** प्रखंड के सिराशिन में बुधवार को युवा कांग्रेस कार्यकताओं की एक बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस के युवा नेता अब्दुल मालेक ने की।मौके पर कांग्रेस कार्यकताओं ने पाकुड के नवनिर्वाचित विधायक निशात आलम का ऐतिहासिक जीत पर बधाई दिया।वही अब्दुल मालेक ने कहा कि पूर्व मंत्री सह विधायक आलमगीर आलम ने क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विकास का कार्य किया है।इन्हें विकास कार्य देखकर पुनः उनके पत्नी को मतदान कर ऐतिहासिक जीत दिलाय हैं।उन्होंने यह भी कहा कि विधायक निशात आलम को मंत्री का पद दिया जाए।जिससे सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनों को मिल सके।यह भी कहा कि कालू पंचायत के विभिन्न चौक चौराहे में स्ट्रीट लाइट लगाने को लेकर एक पत्र विधायक के नाम पर लिखकर अनुरोध किया जाएगा। स्ट्रीट लाइट लगने से चौक चौराहे का रौनक खुलेगा। साथ ही महिलाओं को आवागमन करने में किसी तरह की कठिनाई नहीं होगी।वहीं पंचायत के विभिन्न गली मोहल्ले में नाला,सड़क सहित अन्य जनहित योजनाओं का निर्माण को लेकर एक सूची तैयार किया जाएगा।मौके पर हाजी जफर अली,वसीम अकरम,जहारूल इस्लाम,हलीम शेख,तैमूल शेख, इब्राहिम शेख,इसाहक शेख, फोदु शेख,रियाजुद्दीन शेख, आलमगीर आलम,वसीम अकरम,मोईन अली,खिदिर शेख, शराफत शेख,फजल शेख, सफीकुल शेख,नबी शेख,बाहर शेख,मनीरूल इस्लाम,जमीरुल इस्लाम,मंजर शेख,उस्मान गानी, साइम शेख,बाबर शेख,जहांगीर शेख,सुमन शेख सहित अन्य मौजूद रहे।

## जमीन विवाद में हैवान बना शख्स, भाई की पीट-पीटकर की हत्या



**हजारीबागः** जिले के बरकट्ठा में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। बरकट्ठा थाना क्षेत्र के कोनहारा खुर्द में जमीन विवाद को लेकर एक भाई ने अपने ही भाई आसीन अंसारी को पीट-पीटकर मार डाला। घटना बुधवार के दोपहर की है। घटना के बाद हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन और ग्रामीणों ने ठल2 पर शव को रखकर रोड जाम कर दिया। लगभग डेढ़-दो घंटे तक सड़क को जाम रखा। जाम में दर्जनों छोटी-बड़ी गाड़ियां फंसी रही। मृतक के परिजनों ने बताया कि उसने अपने हिस्से की जमीन में वर्षों पहले घर बनाया। उसके घर के सामने खाली जमीन है। हत्या के आरोपी माशूक अंसारी उस जमीन को अपना बताते हुए घर निर्माण के लिए बुनियाद डालने लगा। इसपर आसीन अंसारी ने विरोध किया। दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई। इसके बाद माशूक अंसारी ने अपने पुत्रों के साथ मिलकर पीट-पीटकर आसीन अंसारी की हत्या कर दी। पीड़ित परिजनों के मुताबिक घर के सामने आरोपियों के द्वारा घर बनाने से घर का रास्ता बंद हो रहा था। जिसके बाद वह जबरन उसके घर के सामने अपना घर बनाने लगा। घटनास्थल पर पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी। जो भी दोषी है उसे बख्शा नहीं जाएगा। थाना प्रभारी राजेश भोक्ता, गोरहर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह दल बल के साथ पहुंचे थे। पुलिस और प्रबुद्ध ग्रामीणों ने जाम करने वालों को बताया कि हत्या में शामिल माशूक अंसारी समेत तीन आरोपियों को पकड़ लिए जाने की बात पर जाम हटाया गया।

## विभिन्न क्षेत्रों में पीसीसी पथ का निर्माण किया जाएगा: डीसी

**रामगढ़ :** जिले में विकास की गति को बढ़ाने के लिए रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों तक आवागमन की सुविधा को दुरुस्त करने के उद्देश्य से डीएमएफटी मद से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पीसीसी पथ निर्माण के लिए लगभग 70 करोड़ के राशि की स्वीकृति दे दी। जिससे रामगढ़ जिला के विभिन्न क्षेत्रों में पीसीसी पथ का निर्माण किया जाएगा। डीसी चंदन कुमार ने बताया कि रामगढ़ जिला के विकास एवं लोगों को अच्छी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। कहा कि इसी क्रम में शहरी क्षेत्र से ग्रामीण क्षेत्र तक आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डीएमएफटी मद के 70 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। यह कार्य पहले ही किया जाता परंतु आदर्श आचार संहिता लग जाने से विलंब हुआ। किन्तु अब सभी कार्य किया जाएगा। साथ ही उन्होंने जिले के सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किन्ही को लगता है कि उनके क्षेत्र में पीसीसी पथ होना चाहिए तो वे अविलंब अपने जनप्रतिनिधि के माध्यम से उपायुक्त कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

# जिलाधिकारी पूनम कुमारी ने साहिबगंज को ` बाल विवाह मुक्त बनाने का दिलाया संकल्प

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** भारत सरकार की ओर से नई दिल्ली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरूआत के बाद जिला प्रशासन के सहयोग से किया रैलियों व शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मौजूद जिलाधिकारी पूनम कुमारी ने साहिबगंज को बाल विवाह मुक्त बनाने का दिलाया संकल्प मंथन बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के देशव्यापी गठबंधन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है।भारत सरकार के नई दिल्ली के विज्ञान भवन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के उद्घाटन के मौके पर जिला प्रशासन ने साहिबगंज में बाल विवाह के खिलाफ काम कर रहे गैरसरकारी संगठन मंथन के साथ मिलकर जागरूकता रैलियों का आयोजन किया और लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई।मंथन बच्चों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 400 से भी ज्यादा जिलों में काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के गठबंधन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन जेआरसी का सहयोगी सदस्य है।इस मौके पर जिला बाल संरक्षण कार्यालय में हुए समारोह में जिलाधिकारी पूनम कुमारी ने स्कूली बच्चों, महिलाओं और पंचायत




प्रतिनिधियों व अन्य को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। जिले में जगह-जगह हुए कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों, आशा व आंगनवाड़ी कार्यकताओं, शिक्षकों, बाल विवाह निषेध अधिकारी सीएमपीओ के अलावा बाल विवाह पीड़िताओं ने भी भागीदारी की और बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली।यह कार्यक्रम देश से बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत के आह्वान के समर्थन में किया गया, जिसका उद्घाटन 27 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया। दौरान उन्होंने पंचायतों और स्कूलों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। उम्मीद की जा रही है।कि जल्दी ही शपथ लेने वालों की संख्या 25 करोड़ तक पहुंच जाएगी। इस मौके पर बाल विवाहों की सूचना व शिकायत के लिए एक राष्ट्रीय पोर्टल भी शुरू किया गया।इस मौके पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी ने कहा इस राष्ट्रव्यापी अभियान और जमीन पर इसके असर की चर्चा करते हुए मंथन के निदेशक विपलब महतो ने कहा, ह्लप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बाल विवाह के खात्मे के लिए महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय की ओर से शुरू किया गया अभियान इस बात का सबूत है। कि सरकार इस सामाजिक बुराई की गंभीरता से अवगत है। देश में 23 प्रतिशत से ज्यादा लड़कियों का बाल विवाह होता है जो न सिर्फ जीवनसाथी चुनने के उनके अधिकार का हनन है। बल्कि इससे लड़कियों की शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ रोजगार और आर्थिक निर्भरता की उनकी संभावनाओं पर भी बेहद बुरा असर होता है। सरकार की योजना इस अभियान में सभी हितधारकों को साथ लेकर चलने की है। और ह्यजस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेनह्न का सहयोगी संगठन होने के नाते हम इसमें पूरी तरह साथ हैं। वर्षों से बाल विवाह के खिलाफ काम करने के नाते हम भली भांति जानते हैं कि समग्र और समन्वित प्रयासों के बिना यह लड़ाई नहीं जीती जा सकती। लेकिन अब हमें विश्वास है कि सरकार और नागरिक समाज के साझा प्रयासों से भारत 2030 से पहले ही बाल विवाह के खात्मे के लक्ष्य को हासिल कर सकता है। मौके पर चाइल्डलाइन समन्वयक इकबाल अंसारी, झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी से प्रिया ज्योति सेन, लंबोदर पंडित, यूनिसेफ से सुभाजित चंद्र, उमंग प्रोजेक्ट से राहुल कुमार, गीता देवी, रचना देवी, मीरा देवी अवधेश कुमार,संजीव कुमार, कमल किशोर आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** नालसा,नई दिल्ली एवं डालसा, रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज के तत्वाधान में आगामी 14 दिसम्बर,2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर, साहिबगंज और अनुमंडल न्यायालय परिसर, राजमहल में किया जाएगा।इसकी तैयारी को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज के अध्यक्ष श्री अखिल कुमार ने न्यायिक पदाधिकारीयों सहित विभिन्न स्टेक होल्डरों को निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को सुलभ व शीघ्रता के साथ न्याय दिलाने के उद्देश्य से निरंतर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। और इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मुकदमों का निस्तारण के लिए चिह्नित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अपने-अपने कार्य क्षेत्र व राजस्व अदालतों में विचाराधीन मामलों को चिह्नित कर उन्हें निस्तारित कराएं ताकि वादी व प्रतिवादी को



समय से न्याय मिल सके । राष्ट्रीय लोक अदालत में कंपाउंडेबल केसेस, एनआई एक्ट केसेस, एमएसीटी एक्ट, फैमिली कोर्ट केसेस, लेबर एक्ट, सिविल केसेस, बैंक रिकवरी केसेस, इलेक्ट्रिसिटी केसेस, फॉरेस्ट केसेस, एक्साईज केसेस आदि संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाएगा।राष्ट्रीय लोक अदालत का प्री काउंसलिंग सिटिंग जो 14 अक्टूबर से ही प्रारंभ है जिसमें अब तक हजारों वादों का निष्पादन किया जा चुका है। इसके सुलहनीय दीवानी और फौजदारी मुकदमों को भी लोक अदालत में निस्तारित कराने पर जोर दिया गया।उन्होंने सम्बन्धित विभागों के पदाधिकारीयों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक लोगों को लोक अदालत का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सर्वसाधारण से भी अपील की है। कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों का निपटारा कर लाभ उठाएं। प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत को निर्देशित किया कि जिन पक्षकारों को यदि नोटिस नहीं भी प्राप्त होता है। तो वे भी जिला विधिक सेवा के कार्यालय में संपर्क कर अपने वादों का इस राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण करवा सकते हैं।

## मोबाइल चोरी कर बेचते थे सस्ते दामों पर, पुलिस ने 2 चोरों को किया गिरफ्तार

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**पलामू :** जिले के हुसैनाबाद थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. आस-पास के क्षेत्रों के अलावा विभिन्न ट्रेनों में मोबाइल फोन की चोरी करने वाले हुसैनाबाद थाना के देवरी ओपी अंतर्गत देवरी खुर्द गांव निवासी उपेंद्र कुमार मेहता और उसके दोस्त अशोक पासवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. उपेंद्र कुमार मेहता के पास विभिन्न कंपनियों के 18 और अशोक पासवान के पास से 5 चोरी का एंड्रॉयड फोन बरामद किया गया है.

चोरी के संबंध में हुसैनाबाद के पुलिस इंस्पेक्टर सुरेश मंडल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उपेंद्र कुमार मेहता घर पर ही रह रहा है. सूचना का सत्यापन कर वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने सशस्त्र बल के साथ छापेमारी की. छापेमारी के दौरान उपेंद्र कुमार मेहता से चोरी के 18 एंड्रॉयड फोन एवं उसके दोस्त अशोक पासवान के पास से चोरी



का 5 एंड्रॉयड फोन बरामद किया गया है. पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ की. पूछताछ करने पर उन्होंने आस-पास के क्षेत्रों के अलावा ट्रेनों में मोबाइल फोन की चोरी करने की बात स्वीकार की है.

उपेंद्र कुमार मेहता व अशोक पासवान चोरी का मोबाइल फोन सस्ते दामों पर आस-पास के इलाके में बेचता था. उपेंद्र कुमार मेहता का आपराधिक इतिहास भी है. इंस्पेक्टर सुरेश मंडल ने बताया कि रेल थाना कोडरमा और धनबाद में कई एफआईआर दर्ज हैं. इसमें उपेंद्र कुमार मेहता पर भारतीय दंड संहिता के धारा भी लगाई गई है. पुलिस इंस्पेक्टर सुरेश मंडल में बताया कि दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है. उन्होंने बताया कि छापेमारी अभियान में देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, एएसआई अखिलेश कुमार के अलावा सशस्त्र बल व चालक मुकेश कुमार शामिल थे. पुलिस ने बताया कि एंड्रॉयड मोबाइल चोरी कर आस-पास के इलाके में सस्ते दामों पर बेचने का काम ये लोग करते थे.

## 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय अंडर 19 कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिले से दो खिलाड़ी रवाना

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया एवम हरियाणा सरकार द्वारा आगामी 7 से 11 दिसम्बर को हरियाणा के भिवानी शहर में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय अंडर 19 कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आरती कुमारी रिया कुमारी +2 उच्च विद्यालय,कोदरजन्ना का चयन झारखंड टीम में किया गया है।27 से 5 दिसम्बर तक रांची में आयोजित विशेष कैंप में भाग लेने के लिए दोनों खिलाड़ी रांची रवाना हुई ।ज्ञात हो आरती कुमारी रिया कुमारी झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची द्वारा अक्टूबर माह में रांची में संपन्न खेलो झारखंड राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में सराहनीय



प्रदर्शन कर झारखंड टीम में स्थान बनाने में सफल रहीं। उपायुक्त हेमंत सती जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा,जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा नंद झा, जिला ओलम्पिक संघ के राजेश यादव, माधव चंद्र घोष, कल्याण श्रीवास्तव, संतोष उर्फ टिंकू, खेल विभाग के प्रशिक्षक योगेश यादव,अशोक साहनी, प्रकाश सिंह बादल,निमाई चौधरी,खेल शिक्षक बिरेंद्र कुमार आदित्य कुमार, बमबम कुमार प्रभारी प्रधानाध्यापिका वंदना कुमारी,सोने लाल,आलोक कुमार , चंदन कुमार, प्रणव शर्मा, तोहिद आलम, महफूज सुभाषित, कुमार, संतोष कुमार,जिला कबड्डी संघ के नवनीत कुमार सोनू ,अरुण कुमार दास,गौरव झा समेत जिले वासियों ने बेहतर प्रदर्शन हेतु शुभ कामना दी ।

## सीआरएम टीम ने बोरियो सीएचसी का किया निरीक्षण

**साहिबगंज :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए कॉमन रिव्यू मिशन (सीआरएम) की टीम मंगलवार की देर रात साहिबगंज पहुंची. टीम बुधवार की सुबह सिविल सर्जन कार्यालय पहुंची, जहां सिविल सर्जन ने उनका स्वागत किया. स्वागत में आदिवासी नृत्य भी प्रस्तुत किया गया. इसके बाद टीम ने डॉक्टरों व पदाधिकारियों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की. सदस्यों ने स्वास्थ्य विभाग की राष्ट्रीय पैरामीटर के अनुसार मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, मलेरिया, कुष्ठ, यक्ष्मा, मानव संसाधन, वित्तीय प्रबंधन आदि की जानकारी ली. चार दिवसीय दौरे पर आई टीम ने पहले दिन बोरियो सीएचसी का निरीक्षण किया. इस दौरान कुछ त्रुटियां पाई गईं, जिस पर सदस्यों ने सीएचसी प्रभारी को फटकार लगाते हुए गड़बड़ियों को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया. टीम ने ग्रामीणों, सहिया व अस्पताल के मरीजों से भी पूछताछ की.

जिले के अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का आकलन कर टीम अंतिम दिन उपायुक्त से मुलाकात कर सुधार के लिए सुझाव भी देगी. टीम तमिलनाडु की डॉ प्रिया वसंथा कुमारी, आईआईएचएमआर जयपुर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रतन वर्मा, एनसीवीबीडीसी के एमओ डॉ मनप्रीत सिंह, आरडी सेल की मेडिकल कंसल्टेंट डॉ दीक्षा महाजन, फैमली प्लानिंग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ मिथुन दत्ता, डॉ नवीन कुमार, डॉ अंकुर पुनिया, डॉ कमलेश कुमार आदि शामिल हैं.

## सरिया थाना में संदिग्ध स्थिति में युवक की मौत, पुलिस ने की थी युवक की पिटाई

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गिरिडीहः** जिले के सरिया थाना क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में एक युवक की मौत हो गई है. पुलिस ने बुधवार को शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया है. आरोप है कि पुलिस की पिटाई से सदमे में आकर युवक ने आत्महत्या कर ली है. पुलिस के द्वारा युवक की पिटाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज भी सामने आने की बात हो रही है.

परिजनों का आरोप है कि पुलिस की पिटाई से सदमे में आकर युवक ने आत्महत्या कर ली है. पुलिस के द्वारा युवक की पिटाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. हालांकि मौके पर पहुंचे एसडीपीओ धनंजय कुमार राम ने पत्रकारों को बताया कि युवक की मौत कैसे हुई है, इसकी छानबीन की जा रही है. इस मामले में जो भी दोषी होगा उसपर



विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि जिस युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हुई है उसका नाम संजय यादव है और वह सरिया थाना क्षेत्र के केशवारी गांव का रहने वाला था. घटना के बाबत बताया जाता है कि घटना के पूर्व पति-पत्नी में विवाद हुआ था. पत्नी का कहना है कि पति ने उससे मारपीट की थी और घर में घुसने से मनाकर दिया था. इसके बाद पत्नी ने पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी थी.

मृतक की बीवी का कहना है कि मंगलवार की रात में पुलिस पहुंची और युवक के साथ मारपीट की. बताया जाता है कि पुलिस की मारपीट के बाद युवक ने काफी शराब पी रखी थी और कमरे से ही उसका शव बरामद हुआ है. एसडीपीओ धनंजय कुमार राम ने कहा कि प्रथम द्रष्टया प्रतीत होता है कि युवक ने आत्महत्या की है. पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है. वहीं, सरिया थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह का कहना है कि मारपीट करने का आरोप गलत है. पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था. शिकायत करने के बाद पुलिस टीम जांच करने पहुंची थी.

# यामिनी मल्होत्रा की बिग बॉस 18 में होगी एंट्री



रिपोर्ट्स के मुताबिक यामिनी अभिनेत्री होने के साथ एक डेंटिस्ट भी हैं

बिग बॉस सीजन 18 में इन दिनों वाइल्ड कार्ड एंट्री को लेकर काफी चचाएं हो रही हैं। ऐसे में खबर है कि तीन वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट शो में शामिल होंगे। उनमें से एक कंटेस्टेंट यामिनी मल्होत्रा है। बता दें कि यामिनी टीवी के हिट शो गुम है किसी के प्यार में Ó के लिए जानी जाती हैं। इस शो में उन्होंन शिवानी चव्हाण का किरदार निभाया था।बिग बॉस 18 अब और भी ज्यादा इंटरस्टिंग होने वाला है। इस शो में तीन वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट की एंट्री होने वाली है। हालांकि घर में रह बंद प्रतिभागियों की मुश्किल और भी ज्यादा बढ? वाली है। ऐसी खबर है कि शो में ग्लैमर का तड़का लगाने के लिए तीन नए वाइल्डकार्ड की एंट्री होने वाली है। ये तीन वाइल्ड कार्ड एंट्री हैं अदिति मिस्त्री, एडिन रोज और यामिनी मल्होत्रा। चलिए बताते हैं तीनों वाइल्ड कार्ड में से एक यामिनी मल्होत्रा के बारे में। यामिनी मल्होत्रा टीवी इंडस्ट्री का जाना-माना नाम है। उन्होंने गुम है किसी के प्यार मेंÓ सीरियल में शिवानी चव्हाण का रोल निभाया था। इस शो में दर्शकों ने उन्हें खूब पसंद भी किया था। हालांकि एक्ट्रेस ने बीच में ही यह शो छोड़ दिया था जिसके बाद उनकी भूमिका तन्वी ठक्कर ने निभाई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक यामिनी अभिनेत्री होने के साथ एक डेंटिस्ट भी हैं।

एक्टिंग से पहले एक्ट्रेस ब्रांडो के कई विज्ञापनों का हिस्सा भी रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस की सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें एक मिलियन से ज्यादा यूजर्स फॉलो करते हैं। वहीं, एक्ट्रेस का यूट्यूब चैनल भी है जिसपर उन्हें 76 हजार से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं।अगर एक्ट्रेस के नेटवर्थ की बात करें तो उनकी कुल संपत्ति लगभाग 4 करोड़ रुपये के आसपास है।

ये ही नहीं एक्ट्रेस यामिनी सोशल मीडिया से भी तगड़ी कमाई करती हैं।बता दें कि यामिनी ने घर में जाने से पहले इंटरव्यू दिया है जिसमें उन्होंने घर के अंदर के कुछ लोगों पर निशाना साधा और उन्हें फेक बताया है। उन्होंने रजत दलाल को कहा की वो अच्छा खेलते हैं और किसी भी मुद्दे पर खुलकर बात करते हैं। वहीं उन्होंने शिल्पा को फेक बताया है।यामिनी ने ईशा, एलिस, अविनाश और विवियन को लेकर कहा कि वह लोग केवल घर में बैठकर चुगली करते हैं। वहीं, चुम को उन्होंने प्यारी कहा है।

# साजिद नाडियाडवाला की हाउसफुल 5 अगले वर्ष जून में होगी रिलीज



हाउसफुल 5 एक कॉमेडी फि ल्म है, जिसमें बॉलीवुड के कई बड़े नाम शामिल हैं। इनमें अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, फरदीन खान, जैकलीन फर्नांडीज, सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, नाना पाटेकर, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, डिनो मोरिया, चित्रांगदा सिंह, रंजीत, सौंदर्या शर्मा, निकितिन धीर और कई अन्य शामिल हैं।

साजिद नाडियाडवाला की हाउसफुल 5 की शूटिंग पूरी होने वाली है। हाल ही में फिल्म के अंतिम शेड्यूल की शूटिंग से पहले मेकर्स ने जश्न मनाते बड़े कलाकारों के साथ वाली एक फोटो शेयर की है। इस फिल्म को दर्शक उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं।

साजिद नाडियाडवाला की हाउसफुल 5 अपनी पांचवीं किस्त लगभग तैयार है। मेकर्स का दावा है कि यह फिल्म मनोरंजन, मस्ती, कॉमेडी का पांच गुना ज्यादा डोज ले कर आ रही है। यह लंदन से फ्रांस, स्पेन और वापस यूके तक एक शानदार क्रूज में शूट की गई बड़ी बजट की फिल्मों में से एक है। हाउसफुल 5 एक कॉमेडी फि ल्म है, जिसमें बॉलीवुड के कई बड़े नाम शामिल हैं। इनमें अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, फरदीन खान, जैकलीन फर्नांडीज, सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, नाना पाटेकर, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, डिनो मोरिया, चित्रांगदा सिंह, रंजीत, सौंदर्या शर्मा, निकितिन धीर और कई अन्य शामिल हैं। फिल्म का तरुण मनसुखानी ने निर्देशित की है। यह फिल्म 6 जून, 2025 को रिलीज होगी।

# अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ ने की दूसरी बार शादी

बॉलीवुड एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी और साउथ एक्टर सिद्धार्थ ने सितंबर में कुछ लोगों की मौजूदगी में तेलंगाना के श्रीरंगनायकस्वामी मंदिर में शादी की थी। इस जोड़े ने शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं थी। अब फिर जानकारी मिली है कि अदिति और सिद्धार्थ ने फिर शादी की है। दोनों ने राजस्थान में दूसरी शादी की है। इस दूसरी शादी को लेकर फैंस हैरान हैं। अदिति राव हैदरी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी दूसरी शादी की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में अदिति लाल लहंगा पहने नजर आ रही हैं। इसके ऊपर उन्होंने ज्वैलरी पहनी हुई है। इस लुक में अदिति बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वहीं सिद्धार्थ ने पर्ल कलर की शेरवानी पहनी हुई है। इसके ऊपर मोतियों का हार पहना हुआ है। इन तस्वीरों में वह बेहद हैंडसम लग रहे हैं। अदिति और सिद्धार्थ की दूसरी शादी की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं।

**फैंस की ओर से शुभकामनाएँ**

अदिति ने इस फोटो को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है और कैप्शन दिया है, 'एक-दूसरे की जिंदगी में जिंदगीभर याद रखने लायक कुछ।' सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों पर फैंस ने लाइक्स और कमेंट्स की बौछार कर दी है। उनकी फोटो पर 'अदिति की सादगी प्यारी है', 'दोनों एक-दूसरे के साथ खूबसूरत लग रही हैं', 'वे एक-दूसरे के लिए ही बने हैं', 'दोनों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं' जैसे कई कमेंट्स देखने को मिल रहे हैं। निर्देशक संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी का हिस्सा रहीं अदिति राव हैदरी की सिद्धार्थ से पहली मुलाकात 2021 में एक तेलुगु फिल्म की शूटिंग के दौरान हुई थी। महासमुद्रम नाम की इस फिल्म की शूटिंग के दौरान उनकी नजरें एक दूसरे से मिलीं। वे पहले दोस्त थे। इसके बाद उनकी दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। फिर 2023 में उनकी लव लाइफ सामने आई। दोनों का साथ में डांस करते हुए एक वीडियो सामने आया था। फिर 17 सितंबर को अदिति ने शादी की तस्वीरें शेयर कर सभी को चौंका दिया। उनका विवाह समारोह बेहद निजी तरीके से आयोजित किया गया था। अब एक बार फिर ये बात सामने आई है कि उन्होंने राजस्थान में शादी कर ली है।



# नेटफ्लिक्स के लोकप्रिय शो स्क्विड गेम सीजन 2 का ट्रेलर , नए खिलाड़ी की एंट्री से मचा कोहराम

नेटफ्लिक्स की सुपरहिट सीरीज 'स्क्विड गेम' का क्रेज पूरी दुनिया में देखने को मिला। अब इस सीरीज का दूसरा सीजन भी जल्द ही रिलीज के लिए तैयार है। सीरीज के दूसरे सीजन का ट्रेलर बुधवार को रिलीज कर दिया गया है। नेटफ्लिक्स की सुपरहिट सीरीज के दूसरे सीजन में रोमांच बढ़ने वाला है। इस सीजन में खिलाड़ी 'नंबर 456' धमाकेदार एंट्री कर रहा है। सीरीज के ट्रेलर में ही रोमांच बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। हालांकि, अभी मेकर्स ने ट्रेलर में इसकी कहानी छिपाने की कोशिश की है।

**दिसंबर में रिलीज होगा दूसरा सीजन**

स्क्विड गेम सीरीज का दूसरा सीजन 26 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया जाएगा। इस कोरियन सस्पेंस थ्रिलर ड्रामा ने पूरी दुनिया में धमाल मचा दिया था। अब इसका दूसरा सीजन भी तैयार है। फैंस इस सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। सीरीज के पहले सीजन को पूरी दुनिया में लोगों ने खूब पसंद किया था। अब इसका दूसरा सीजन भी रिलीज के लिए तैयार है। फैंस भी इसे लेकर काफी उत्साहित हैं।

ली जंग-जे के अलावा, अभिनेता ली ब्युंग-हुन, वाई हा-जुन और गोंग यू स्क्विड गेम 2 में सीजन 1 से अपनी भूमिकाओं को दोहराते हुए दिखाई देंगे। नए कलाकारों में



यिम सी-वान, कांग हा-न्यूल जैसे लोकप्रिय कोरियाई अभिनेता शामिल हैं। पार्क ग्यू-यंग, ली जिन-यूके, पार्क सुंग-हून, यांग डोंग-ग्यून, कांग ए-सिम, ली डेविड, चोई सेउंग-ह्यून, रोह जे-वोन, जो यू-री और वोन जी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

कोरिया की सस्पेंस थ्रिलर ड्रामा सीरीज का दूसरा सीजन 26 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा। इससे पहले इसका पहला सीजन 2021 में आया था। पहला सीजन दुनियाभर में हिट रहा था। अब इसका दूसरा सीजन दिसंबर में आने वाला है। हालांकि, इसकी कहानी अभी भी पूरी तरह खत्म नहीं होगी। सीरीज का अंतिम सीजन अगले साल नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकेगा।

# सोफी एक्लेस्टोन, साइवर-ब्रंट को आईसीसी महिला टी20 खिलाड़ी रैंकिंग में मिली बढ़त



**एजेंसी**

**दुबई।** इंग्लैंड की सफेद गेंद की खिलाड़ी सोफी एक्लेस्टोन और नैट साइवर-ब्रंट ने मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी20 खिलाड़ी रैंकिंग में बढ़त हासिल की है। हीथर नाइट की टीम ने हाल ही में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में शुरूआती हार के बाद तेजी से वापसी की, जब उन्होंने हाल ही में ईस्ट लंदन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला का पहला मैच जीता और उनके कई स्टार खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

इंग्लैंड की स्पिनर एक्लेस्टोन ने प्रोटियाज के खिलाफ 1/18 के अपने शानदार प्रदर्शन के बाद गेंदबाजों की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी बढ़त बढ़ा ली है जबकि, उनकी टीम की साथी चार्ली डीन उसी मैच में दो विकेट लेने के बाद चार स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं। ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट ने बल्ले से शानदार 59 रन का योगदान दिया और अपने प्रयासों के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। 32 वर्षीय खिलाड़ी टी20 बल्लेबाजों की नई रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से 14वें स्थान पर पहुंच गईं।

सफल रन चेज के दौरान साइवर-ब्रंट ने एमी जोन्स के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की और इंग्लैंड की यह विकेटकीपर 31 रन के योगदान के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में एक स्थान के सुधार के साथ 29वें स्थान पर पहुंच गयी। ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी बेथ मूनी और ताहलिया मैक्ग्रा अभी भी टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर काबिज हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट बफेलो पार्क मैदान पर 22 रन की पारी के बाद तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं।

चार विकेट से हार के बाद दक्षिण अफ्रीका के लिए यह बुरी खबर नहीं थी, ऑलराउंडर नादिन डी क्लार्क ने इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 29 रन और दो विकेट लेने के बाद कुछ श्रेणियों में बड़ा सुधार किया है। डी क्लार्क टी20 गेंदबाजों की सूची में चार पायदान ऊपर चढ़कर 37वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जिसमें अभी भी वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज शीर्ष पर हैं।

# भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को हराया

**सिंगापुर।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के तीसरे दौर में शानदार वापसी की है. गुकेश ने बुधवार को गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को 'टाइम कंट्रोल' में हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की. इसके साथ ही उन्होंने विश्व शतरंज चैंपियनशिप में बराबरी कर ली. गुकेश काले मोहरों से खेलते हुए पहला मुकाबला हार गए थे. इसके उन्होंने दूसरी बाजी ड्रॉ कराई थी. दोनों खिलाड़ियों के अब डेढ़ अंक हैं.

18 साल के डी गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को तीसरी बाजी में 37 चालों में हराया. लिरेन को मुकाबले के पहले चरण में काफी समय बर्बाद करने का खामियाजा भुगतना पड़ा. सफेद मोहरों से खेल रहे गुकेश के पास तेरहवीं चाल तक एक घंटे की बढ़त थी और उन्होंने सिर्फ चार मिनट खर्च किए थे. लिरेन ने दूसरी तरफ एक घंटा और छह मिनट लगा दिए थे. खेल




के पहले 120 मिनट में से 40 चालों तक समय में कोई इजाफा नहीं किया जाता. बीच में मुकाबला जटिल होने से लिरेन पर असर पड़ा और गुकेश ने परफेक्ट चालों से उन पर दबाव बढ़ा दिया.

गुकेश ने वही रणनीति अपनाई जो पूर्व विश्व चैंपियन रूस के ब्लादीमिर क्रैमनिक ने एक रैपिड मुकाबले में भारत के अर्जुन एरिगेसी के खिलाफ अपनाई थी. एरिगेसी ने हार से बाल बाल बचते हुए वह मुकाबला ड्रॉ कराया था जबकि गुकेश ने लिरेन की सहज गलतियों का फायदा उठाकर जीत दर्ज की. लिरेन के पास आखिरी नौ चाल के लिये सिर्फ दो मिनट और आखिरी छह चाल के लिये सिर्फ दस सेकंड बचे थे. आखिर में उनके पास समय ही बाकी नहीं रह गया. गुकेश की नजरें विश्वनाथन आनंद के बाद विश्व चैम्पियनशिप जीतने वाला पहला भारतीय खिलाड़ी बनने पर है. आनंद ने पांच बार विश्व चैम्पियनशिप जीती और वह गुकेश के मार्गदर्शक रहे हैं.



लोकसभा सत्र के दौरान गुरुवार को संसद परिसर में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी



राजद विधायकों ने राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इलेक्ट्रिक स्मार्ट मीटर के खिलाफ तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया

## मोतिहारी पुलिस की बड़ी उपलब्धि

# पूर्वी चंपारण के सिमरन कांड के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के ढाका में हैवानियत व क्रुरता की हद पार करने वाला चर्चित सिमरन कांड में नौ वर्षो से फरार मुख्य आरोपी मोहम्मद शमीम अख्तर की गिरफ्तारी मोतिहारी पुलिस की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

पुलिस ने शमीम को नाटकीय अंदाज में भारत-नेपाल सीमा के रक्सौल से गिरफ्तार किया है। वर्षों से फरार शातिर शमीम नेपाल भागने के फिराक में था। पूर्वी चंपारण जिले के फेनहरा थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर का रहने वाला शमीम पूर्व में चोरी की गाड़ी की खरीदगी व कबाड़ का काम के साथ छोटी मोटी वारदात को अंजाम देता था। लेकिन वर्ष 2015 में उसका ऐसा चेहरा सामने आया कि जिला समेत पूरे राज्य के लोग सिहर उठे थे। जिसका खुलासा सीतामढ़ी रसुलपुर डुमरा की रहने वाली नाबालिग



सिमरन(काल्पनिक नाम )की लड़की की ढाका के आजाद चौक के पास एक घर से बरामदगी के बाद हुआ। तबसे शमीम फरार चल रहा था।

दरअसल सिमरन के पिता किसी मामले में सीतामढ़ी जेल में बंद थे। जहां शमीम भी बंद था। पति का खाना जेल गेट ले जाने के क्रम में सिमरन की मां से शमीम की पहचान बढ़ी। इस दौरान शमीम जेल से बाहर आया और उसके पति को निकालने का झांसा देकर उसे अपने जाल में फंसा लिया। फिर सिमरन के साथ उसकी मां को लेकर ढ़ाका लाया और उसे कैद कर गलत धंधा कराने लगा। इसी बीच सिमरन की मां की संदिग्धवस्था में मौत हो गई। जिसके बाद शमीम नाबालिग सिमरन को नशा की सुई देकर उसके साथ बलात्कार करने लगा। वर्ष 2015 में पुलिस चोरी की गाड़ी की तलाश में शमीम अख्तर के आजाद चौक स्थित उसके घर पहुंची तो घर में ताला लगा था और शमीम अख्तर फरार था।

जांच के बाद पुलिस जब शमीम अख्तर के घर से लौटने को हुई तो उसकी खिड़की से एक लड़की आवाज लगाती मिली। उसके बाद पुलिस ने घर का ताला तोड़कर बाहर निकाला और उससे पूछताछ की तो शमीम अख्तर का क्रूर और वहशी चेहरा सामने आया। सिमरन ने अपने बयान में बताया कि उसके माता और पिता की हत्या शमीम अख्तर ने ही किया है और उसे नशे की सुई देकर उसके साथ बलात्कार करता था। उस वक्त पुलिस ने शमीम के घर से नशे की सुई समेत कई आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया था। जिससे यह साफ हुआ कि शमीम सेक्स रैकेट भी चलाता था। इसके बाद पुलिस शमीम के सहयोगी ढाका के शीतलपट्टी के राजू मियां और करमोहना कुंडवा चैनपुर के मोहम्मद इसरार जेल भेजा। लेकिन कुख्यात शमीम फरार पुलिस चल रहा था। फिलहाल मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात द्वारा गठित टीम ने शमीम को गिरफ्तार कर लिया है। जो एक बड़ी उपलब्धि है।

# कोलकाता में नकली नोटों के साथ तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी

कोलकाता। कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने नकली भारतीय मुद्रा नोट (एफआईसीएन) के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार सुबह एसटीएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर धर्मतल्ला बस स्टैंड इलाके में छापा मारा और आरोपित के पास से नकली नोटों के छह बंडल बरामद किए। इन नकली नोटों की कुल राशि दो लाख 99 हजार रुपये है, जो 500 रुपये के नोटों में है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान मनोवर शेख (68) के रूप में हुई है। वह मालदा जिले के कालियाचक थाना अंतर्गत जादुपुर तालुकतला गांव का निवासी है। उसके पिता का नाम स्वर्गीय बाइसुद्दीन शेख उर्फ बिशु है। कोलकाता पुलिस के एसटीएफ के डीसी वी. सोलेमम नेशा कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ की टीम ने यह कार्रवाई की। आरोपित नकली नोटों की तस्करी में शामिल था और इन्हें कोलकाता में वितरित करने की योजना बना रहा था। बरामद नकली नोटों की



उच्च गुणवत्ता से यह स्पष्ट है कि इन नोटों को सीमावर्ती क्षेत्रों से लाया गया है।

इस संबंध में एक औपचारिक मामला दर्ज किया जा रहा है, और आरोपित को शुक्रवार को अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपित के संपर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं और इस रैकेट का नेटवर्क कितना बड़ा है।

पुलिस अधिकारियों का मानना है कि यह गिरफ्तारी नकली नोटों के बड़े नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मामले की जांच जारी है, और जल्द ही अन्य आरोपितों को भी पकड़ने के लिए छापेमारी की जा सकती है।

# शोपियां कश्मीर घाटी का सबसे ठंडा स्थान

एजेंसी

**श्रीनगर।** कश्मीर में तापमान शून्य से नीचे बना हुआ है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 2.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पूरी कश्मीर घाटी में रात के समय ठंड बढ़ गई है, बीती रात दक्षिणी जिला शोपियां घाटी का सबसे ठंडा स्थान बन गया जहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

तापमान में गिरावट के साथ ही 40 दिनों की कठोर सर्दियों की अवधि शुरू होने वाली है जिसे आम तौर पर ह्यचिल्लई कलांह्न कहा जाता है जो 21 दिसंबर से शुरू होती है। इस चरण के दौरान इस घाटी में तीव्र ठंड, लगातार बर्फबारी और श्रीनगर में प्रसिद्ध डल झील के कुछ हिस्सों सहित जमे हुए जल निकाय देखे जाते हैं। ये ठंडी परिस्थितियाँ अक्सर दैनिक जीवन को बाधित करती हैं, खासकर ऊँचाई वाले इलाकों और भीतरी इलाकों में।

## शिमला : नेपाली व्यक्ति का संदिग्ध हालत में शव बरामद

**शिमला।** शिमला के कुमारसेन थाना अंतर्गत नारकंडा के धार गांव में एक नेपाली व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में झाड़ियों में पड़ा मिला है। इससे इलाके में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही बीएनएस की धारा 194 के तहत संदिग्ध मौत का मामला दर्ज किया है और जांच जारी है। मामले के अनुसार स्थानीय लोगों ने बुधवार को शव झाड़ियों में मुंह के बल पड़ा दिखा। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस टीम द्वारा मृतक का शारीरिक पर निरीक्षण करने पर उसके सिर और मुंह पर घाव के निशान पाए गए। छाती, पीठ, जांघों पर गहरे नीले निशान और पूरे शरीर पर झाड़ियों से रगड़ने के निशान पाए गए।

## खड़े ट्रक में अचानक भड़की भयावह आग कोई जनहानि नहीं

**जबलपुर।** शहर के गोहलपुर थाना क्षेत्र के जागृति नगर मुख्य मार्ग के पास खड़े एक ट्रक में बुधवार की रात अचानक आग लग गई। ट्रक में आग देखते ही लोग दहशत में आ गये। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस के साथ दमकल विभाग को सूचना दी। पुलिस के पहुंचते ही सुरक्षा की दृष्टि से दोनों तरफ का मार्ग बन्द करवाया गया। मौके पर पहुंची फायरब्रिगेड के दस्ते ने तुरंत आग पर काबू पाया। आग बुझाने में दमकल स्टाफ के साथ दो गाड़ियां जुटी रहीं। सूचना पर त्वरित पहुंची थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। पुलिस ट्रक मालिक से सम्पर्क कर उसमें रखे सामान और नुकसान की जानकारी जुटा रही है। ट्रक किसी टेंट व्यवसायी का बताया जा रहा है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

# फतेहाबाद के टोहाना में धमाके के साथ कार में लगी आग, चालक जिंदा जला

एजेंसी

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना में बुधवार देर रात हुए दर्दनाक घटना में कार सवार की जिंदा जलने से मौत होने का मामला सामने आया है। टोहाना में आधी रात को एक कार में अचानक धमाके के साथ आग लग गई और देखते ही देखते कार सवार युवक जिंदा जल गया। कार में धमाका और आग लगी देखकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों में हडकंप मच गया और उन्होंने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचित किया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक व्यक्ति बुरी तरह जिंदा जल चुका था और गाड़ी भी जलकर राख हो चुकी थी। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और रातभर मृतक की की शिनाख्त के



लिए प्रयास करती रही। गुरुवार अल सुबह मृतक की पहचान टोहाना के गांव हैदरवाला निवासी वेद प्रकाश के रूप में हुई। मिली बुधवार देर रात करीब 12 बजे टोहाना के नए बाईपास पर एक किसान गाड़ी में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग का गोला बन गई। आसपास कम कर रहे किसानों ने बताया कि एकदम से गाड़ी में आग लगाते और उसमें धमाका होते हुए उन्होंने सुना, जिसको देखकर वह चौंक गए। वह तुरंत मौके पर पहुंचे और डायल 112 व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। उन्हें लगा था कि अंदर शायद कोई नहीं है, इसलिए उन्होंने आसपास झाडि ?ां में व्यक्ति को ढूंढना चाहा, उन्हें लगा कि कहीं व्यक्ति बाहर निकल गया होगा। कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आज को बुझाया, तो पता चला कि कार के अंदर चालक जिंदा जल चुका था। कार आगे लगी प्लेट पर नंबर लिखा हुआ था। पुलिस ने जब इसकी पड़ताल की, तो यह कार टोहाना निवासी विजय गोयल की मिली। इसके बाद पुलिस ने कार के मालिक को सूचित किया और उन्हीं से पता चला कि कार में सवार व्यक्ति हैदरवाला निवासी वेद प्रकाश था और वह उनकी कार का ड्राइवर था। मृतक टोहाना से अपने गांव वापस जा रहा था। कार में आग कैसे लगी अभी तक कारणों का पता नहीं चल पाया। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

# शुरूआती कमजोरी के बाद शेयर बाजार में रिकवरी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी में उछाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज शुरूआती कारोबार के दौरान निचले स्तर से रिकवरी करता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत सपाट स्तर पर हुई थी। शुरूआती कारोबार में ही बिकवाली का दबाव बनने की वजह से शेयर बाजार के दोनों सूचकांक लाल निशान में गिर गए, लेकिन सुबह 10 बजे के थोड़ी देर पहले खरीदारी शुरू हो जाने के कारण शेयर बाजार ने निचले स्तर से रिकवरी करके हरे निशान में अपनी जगह बना ली। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.20 प्रतिशत और निफ्टी 0.19 प्रतिशत की मजबूती के




साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अडाणी एंटरप्राइजेज , एचडीएफसी बैंक, अडाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक और वोडाफोन आइडिया के शेयर 4.42 प्रतिशत से लेकर 1.33 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर आयशर मोटर्स, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, महिंद्र एंड महिंद्रा और एचसीएल टेक्नोलॉजी के शेयर 1.55 प्रतिशत से लेकर 0.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,350 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,902 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 448 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर, 12 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 32 शेयर हरे निशान में और 18 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 47.56 अंक की मामूली मजबूती के साथ 80,281.64 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के साथ ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से ये सूचकांक गिर कर 80,144.85 अंक तक पहुंच गया। हालांकि सुबह 10 बजे के थोड़ी देर पहले खरीदारों ने जोर लगाया, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 162.05 अंक की मजबूती के साथ 80,396.13 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने 0.75 अंक की सांकेतिक गिरावट के साथ 24,274.15 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव के कारण ये सूचकांक गिर कर 24,254.35 अंक तक आ गया, लेकिन इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण इसने रिकवरी करके हरे निशान में अपनी जगह बना ली। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 46.55 अंक की बढ़त के साथ 24,321.45 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 230.02 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ 80,234.08 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 80.40 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,274.90 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

न्यूज IN ब्रीफ

## सरकारी स्कूल की दीवार गिरी, तीन की मौत



**जालोर।** सायला थाना इलाके में पोषाणा गांव में सरकारी स्कूल की दीवार गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। एक गंभीर घायल को अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। थानाधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि पोषाणा गांव की राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में भवन निर्माण का काम चल रहा था। यहां नींव भरने के लिए जेसीबी से पुरानी चारदीवारी के पास चार फीट का गड्ढा खोदा गया। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे इस गड्ढे में चार मजदूर मिट्टी समतल करने का काम कर रहे थे। इसी दौरान स्कूल की 10 फीट पुरानी दीवार गिर गई और चारों मजदूर मलबे में दब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने मजदूरों को बाहर निकालने के लिए मलबे को हटाने का काम शुरू किया। थानाधिकारी ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से सभी को बाहर निकाला। मलबे में दबने से मोहनलाल (23) पुत्र रतनाराम निवासी लाल डूंगरी, सरवाणा (जालोर), विरमाराम (40) पुत्र चेनाराम निवासी कगाऊ (बाड़मेर) और भैराराम (40) पुत्र भूराराम राव निवासी बाड़मेर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जगदीश पुत्र भूराराम निवासी बाड़मेर को गंभीर हालत में सायला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। महेंद्र सिंह ने बताया कि तीनों मजदूरों के शवों को सायला अस्पताल की अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। परिजनों के पहुंचने पर पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। सायला तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी और पुलिस टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया है।

## जलशक्ति मंत्री ने साठ जूनियर इंजीनियर्स को सौंपे नियुक्ति पत्र, दी भविष्य की शुभकामनाएं



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के मुख्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जल ?शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने साठ जूनियर इंजीनियर्स को उनके नियुक्ति पत्र सौंपते हुए भविष्य की शुभकामनाएं दी। गुरूवार को जूनियर इंजीनियर्स के पदस्थापना की प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुई। इसके बाद जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने जूनियर इंजीनियर्स को उनके नियुक्ति पत्र दिये, इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग को पूर्ण प्रमाणिकता और समझदारी के साथ चलाने की जिम्मेदारी जूनियर इंजीनिसर्य के कंधों पर है। मेरी उम्मीद है कि जूनियर इंजीनियर्स अपने कार्यो को पूरी ईमानदारी से करेंगे। उप्र सिंचाई विभाग के प्रमुख अभियंता संदीप कुमार ने कार्यक्रम के उपरांत मीडिया को बताया कि लोक सेवा चयन आयोग से उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग में आये जूनियर इंजीनियर्स को नियुक्ति पत्र सौंपने का कार्यक्रम हुआ है। उन्होंने बताया कि इस क्रम में 141 जूनियर इंजीनियर्स को पहले नियुक्ति पत्र सौंपा गया था। वहीं पुलिस वैरिफिकेशन न होने के कारण 60 जूनियर इंजीनियर्स को नियुक्ति पत्र नहीं दिया जा सका था। जिसे जलशक्ति मंत्री द्वारा आज नियुक्ति पत्र सौंपा गया है।

## आचार्य सूनिति कुमार चटर्जी की जयंती पर संस्कार भारती ने आयोजित की बांग्ला भाषा पर परिचर्चा

**कोलकाता।** बांग्ला भाषा के महत्व और उसके ऐतिहासिक योगदान पर केंद्रित एक विशेष चर्चा बुधवार को दक्षिण कोलकाता के त्रिकोण पार्क स्थित शरतचंद्र चट्टोपाध्याय के निवास पर आयोजित हुई। इस आयोजन का संयुक्त प्रबंधन संस्कार भारती और प्रकाशन संस्था सूत्रधर ने किया।कार्यक्रम की शुरूआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। कलाकारों ने उद्घाटन गीत 'साधयति संस्कार भारती' और 'बंगाल की माटी, बंगाल का जल' की प्रस्तुति दी। इस सभा का मुख्य उद्देश्य आचार्य सूनिति कुमार चटर्जी की 135वीं जयंती मनाना और बांग्ला भाषा की शास्त्रीय मान्यता पर चर्चा करना था। वक्ताओं ने इससे आगे बढ़कर बांग्ला भाषा की उत्पत्ति, चर्यापद के काल से लेकर आधुनिक समाज में इसके प्रभाव पर विचार प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं में विधानचंद्र कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. कल्याण चक्रवर्ती, आमता रामसदय कॉलेज के बंगाली विभाग के प्रोफेसर अमिताभ बंद्योपाध्याय और अंग्रेजी के सहायक प्रोफेसर शुभम अमीन शामिल थे। सभा की अध्यक्षता संस्कार भारती के स्वरूप प्रसाद घोष ने की। वहीं, सूत्रधर के निदेशक और कार्यक्रम संचालक सुमन भौमिक ने इस चर्चा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर तीन नई पुस्तकों का भी विमोचन हुआ जिनमे 'बांग्ला भाषा में विज्ञान का अध्ययन, 'इतिहास, संस्कृति और कलाः सूनिति कुमार चटर्जी के दृष्टिकोण से' तथा 'बांग्ला भाषा के संदर्भ' शामिल हैं।

## मंदिर से लक्ष्मी जी विष्णुजी की अष्टधातु की बेशकीमती मूर्तियां चोरी

**जौनपुर ।** जफराबाद थाना क्षेत्र के आदि गंगा गोमती के तट पर स्थित जमदग्नि ऋषि के तपोस्थली जमैथा गांव के शिवपुर पुरवे में स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर से बुधवार की रात को चोर भगवान विष्णु तथा लक्ष्मी जी की बेशकीमती अष्टधातु की मूर्ति उठा ले गए। घटना की जानकारी गुरुवार सुबह होते ही गांव के लोग आक्रोशित हो गए।घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल करने में लग गयी। प्राचीनकाल से स्थापित इस मंदिर को लेकर प्रधान अमरसेन यादव ने बताया कि इस मंदिर की हालत काफी जर्जर हो गयी थी। वर्ष 1995 में इस मंदिर की उक्त दोनों मूर्तियों पहले भी चोरी हो गयी थी। परन्तु दोनो मूर्तिया गेंहू के खेत मे बरामद हो गयी थी। उसके बाद गांव के लोगों ने चंदा जमा करके मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया।मूर्तियों की सुरक्षा के लिए मजबूत दरवाजे लगवा दिया था। मंदिर में कोई पुजारी नही था। गांव के लोग दस दिन पहले बक्सा क्षेत्र के लेदुका निवासी दिवाकर तिवारी को पुजारी रख दिया था। बुधवार की रात मंदिर के पास में स्थित कमरे में पुजारी सो रहे थे। रात को चोर आकर गेट का ताला तोड़कर मूर्तियों को जगह से उखाड़ कर ले गए। सुबह गांव का एक युवक मंदिर पर पहुंचा। वहां पर मंदिर से मूर्तियां गायब देख कर पुजारी को जगाया। उसके बाद बस्ती के लोग मंदिर पर आ गए। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। थानाप्रभारी जयप्रकाश यादव मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटना को लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना से गांव के लोग काफी आक्रोश में दिखे।

# बालूमाथ कोयला साइडिंग पर अपराधियों ने की अंधाधुंध फायरिंग, दहशत में लोग

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में दिन प्रतिदिन अपराधी बेलगाम होते जा रहे हैं. अपराधियों का मेन टारगेट कोयला व्यवसाय है. गुरुवार की सुबह अपराधियों ने जिले के बालूमाथ स्थित रेलवे कोयला साइडिंग पर अंधाधुंध फायरिंग की. इस घटना के बाद से लोगों में दहशत का माहौल है. इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है.

बताया जा रहा है कि गुरुवार की सुबह करीब 4 बजे अज्ञात अपराधी बालूमाथ स्थित रेलवे के कोयला साइडिंग पर पहुंचे और ट्रकों को निशाना बनाकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी. हालांकि गनीमत रही कि इस गोलीबारी की घटना में किसी को गोली नहीं लगी. ट्रकों पर गोलियों के छाप जरूर पड़ गए. घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए. ट्रक ड्राइवर अपनी-अपनी गाड़ियों में छिप गए थे, जिससे उनकी जान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा.



ट्रक ड्राइवर ने बताया कि वह सुबह करीब 4 बजे कोयला लेकर साइडिंग पर आया था. ट्रकों की लंबी लाइन लगी रहने के कारण वह ट्रक को साइड में लगाकर सो गया. इसी बीच अचानक गोलियां चलने लगी. उसने बताया कि ट्रक में ही छिपकर उसने अपनी जान बचायी.

सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस टीम घटना की जानकारी मिलने के बाद बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार समेत अन्य पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी. पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ की. साथ ही ट्रक ड्राइवर से भी घटना की जानकारी ली गई. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची. घटना को लेकर वहां मौजूद लोगों से पूछताछ कर छानबीन की जा रही है.

जिले में बढ़ती जा रही आपराधिक घटनाएं

बता दें कि जिले में इन दिनों आपराधिक घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं. अपराधियों की नजर सबसे अधिक कोयला व्यवसाय पर टिकी हुई है. अपराधी कोयला व्यवसाय पर हमला कर रहे हैं. कुछ दिन पहले भी अपराधियों ने कोयला कारोबार से जुड़े पांच ट्रकों में आग लगा दी थी.

## अंचल कार्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

**मुरी:** सिल्ली प्रखंड सह अंचल कार्यालय में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम सीओ अरुणिमा एक्का ने भारतीय संविधान के जनक बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीओ ने कहा कि आज के ही दिन 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान बनकर तैयार हुआ था आज संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने इस दौरान प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मचारियों को बीपीओ कृष्णा हेंब्रम के नेतृत्व में संविधान के प्रस्तावना की शपथ दिलाई और संविधान दिवस पर विशेष जानकारी दी। इस अवसर पर बीपीओ मनोज कुमार सिंह, कृष्णा हेंब्रम , लच्छू तिग्गा, अरविन्द मुंडा,दीपक तिडू, प्रभात कुमार,प्रमोद कुमार,प्रमोद साहू, सृष्टि प्रामाणिक,अनूप कुमार,राजकुमार महतो समेत काफी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## रिंग सेरेमनी में शामिल हुए अमित महतो

**मुरी:** सिल्ली कुशवाहा मैरेज हॉल में आयोजित रामपुर निवासी सुयोग साहू की पुत्री रितिका और इन्द्र गुप्ता की रिंग सेरेमनी में सिल्ली विधायक अमित महतो शामिल हुए और आशीर्वाद दिया। अमित महतो के साथ उनकी धर्मपत्नी सह पूर्व विधायक सीमा देवी, ज़िप सदस्य लक्ष्मी देवी, अखिल महतो सहित अन्य सम्मानित लोग उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय निःशुल्क शीतकालीन कराटे शिविर का आयोजन

**सिल्ली:** लोटा में अध्ययनरत छात्र - छात्राओं को तीन दिवसीय शीतकालीन कराटे शिविर में कराटे प्रशिक्षक कार्तिक चन्द्र महतो द्वारा व्यायाम के माध्यम से छात्र - छात्राओं को निःशुल्क कराटे प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें कराटे के ऊँची, जुकी, त्सुकी, उके, हीजी, गेरी इत्यादि प्रशिक्षण दिया गया। कराटे की जनकारी देते हुए प्रशिक्षक ने बताया कि कराटे एक ऐसी कला है कि जिसके माध्यम से शारीरिक सुरक्षा के साथ-साथ आत्मरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है। मेरे प्रशिक्षित तीन छात्राओं ने पूर्व में झारखंड राज्य स्तरीय कराटे स्पर्धा में मेडल जीता।

## उमराह कर जायरीनों का जत्था रांची पहुंचा

**रांची :** स्काईनेट टूर एंड ट्रेवल्स, मानगो गोल चक्कर जमशेदपुर और पूरे झारखंड से 46 लोगो का जतथा उमराह कर सऊदी अरब से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचा। उमरा के लिए 11 नवंबर को रांची एयरपोर्ट से जत्था रवाना हुई थी और आज वापसी 27 नवंबर को हुई । स्काई नेट अपने किए गए हर वादे को पूरा करता है। इस कारण से आज भी लोगों का इस पर विश्वास बना हुआ है। 46 जायरीन जमशेदपुर, चाईबासा, चखधरपुर, बिहार और बंगाल और आसपास से उमरा कर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे। इस मौके पर बड़ी संख्या में जायरीन और उनके परिजन एयरपोर्ट पहुंचे। सभी जायरीन ने कहा स्काई नेट ट्रेवल्स झारखंड का नो0 वन उमरा ट्रेवल्स है। जो बोल कर लेजाता है उससे बेहतर करता है। मौके पर बोलते हुए स्काईनेट ट्रेवल्स के डायरेक्टर नैयर इकबाल सिद्दीकी ने कहा कि सभी जायरीनो की मदद के लिए साथ में स्थानीय अनुभवी गाइड रहते हैं। इस मौके पर रांची ब्रांच हेड अल इल्हान टूर एंड ट्रेवल्स के सैयद नेहाल अहमद ने कहा कि रांची में स्काई नेट ट्रेवल्स का ऑफिस अंजुमन प्लाजा फर्स्ट फ्लोर पर है।

## खनन विभाग ने अवैध रुप से स्टोन चिप्स का परिवहन करते हुए एक हायवा को पकड़ा

**बोकारो :** उपायुक्त बोकारो के गठित दल द्वारा जिला खनन पदाधिकारी, बोकारो के नेतृत्व में बोकारो जिला के पिंडराजोरा थानांतर्गत जाला बस्ती इजरी नदी घाट क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से वार्ता की गई एवं करवाई की गई।इसी क्रम में सेक्टर 12 थानान्तर्गत पुराना थाना के समीप अवैध रुप से स्टोन चिप्स का परिवहन करते हुए एक हायवा को पकड़ा गया जिसे सेक्टर 12 थाना को सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया, जिसकी अग्रेत्तर करवाई विभाग द्वारा की जाएगी।उक्त अभियान में आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, बोकारो , खान निरीक्षक, सीताराम टुडू, थाना प्रभारी, पिंडराजोरा एवं स्थानीय पुलिस बल मौजूद थे।

## रंगदारी व मारपीट का आरोपी शेख जहांगीर गोविंदपुर से गिरफ्तार

**धनबाद :** पुलिस ने फायरिंग, रंगदारी व मारपीट मामले के आरोपी शेख जहांगीर को बुधवार को दबोच लिया। आरोपी कतिपय लोगों के साथ बीसीसीएल गोविंदपुर क्षेत्रीय कार्यालय वार्ता करने पहुचा था। इसकी भनक मिलते ही धमाबांध ओपी प्रभारी कमलेश कुमार दल-बल के साथ गोविंदपुर क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे शेख जहांगीर को गिरफ्तार कर लिया। ज्ञात हो कि 21 जुलाई को जमीन कारोबारी धर्मबांध निवासी दीपक रवानी अपने दो बच्चों व गांव के रतनलाल महतो के साथ कार से घर जा रहा था। राधानगर के पास शेख जहांगीर व उसके साथियों ने गाड़ी रोक दी और पिस्तौल का भय दिखाकर गाली-गलौज की थी। अगली रात दीपक रवानी के आवास पर बम-गोली चलाकर दहशत फैला दी थी। इस मामले में पुलिस ने खरखरी बस्ती निवासी कांग्रेस नेता शेख गुड्डू, शेख जहांगीर, शेख जीशान सहित अन्य के खिलाफ रंगदारी व आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने सड़क पर उतरने की धमकी दी थी। इसके बाद पुलिस की टीम गठित कर कांग्रेस नेता शेख गुड्डू को रांची से गिरफ्तार किया गया था, जबकि अन्य आरोपी फरार चल रहे थे।

## एग्यारकुंड में तालाब के अतिक्रमण के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

**धनबाद :** एग्यारकुंड प्रखंड के महुलबगान स्थित तालाब का अतिक्रमण किए जाने के विरोध के दर्जनों ग्रामीणों ने बुधवार को जीटी हार्डकोक ट्रेडर्स के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व भकपा माले नेता रामजी यादव व रौशन मिश्रा कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त तालाब में विगत 50 वर्षो से महुलबगान व आसपास के लोग छठ पूजा करते आ रहे हैं। तालाब की जमीन ईसीएल मुगमा एरिया की है। पिछले वर्ष ही ईसीएल मुगमा एरिया प्रबंधन ने तालाब का सौंदर्यीकरण कराया था। लेकिन कुछ दिनों से जीटी हार्डकोक ट्रेडर्स कंपनी द्वारा रात के अंधेरे में हाइवा से मिट्टी गिराकर कर तालाब की भराई की जा रही है। इससे तलाब का अस्तित्व संकट में आ गया है। ईसीएल मुगमा क्षेत्र के अधिकारियों ने तालाब की मापी भी करवाई है। प्रबंधन ने जीटी हार्डकोक के मालिक को पत्र भेजकर तालाब का अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी भी दी है। इसके बावजूद रात के अंधेरे में तलाब को भरा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक तालाब में भरी गई मिट्टी नहीं हटाई जाएगी, आंदोलन जारी रहेगा।

## विधायक अरूप चटर्जी का हुआ स्वागत

**धनबाद :** चिरकुंडा क्षेत्र के तालडांगा सहित चिरकुंडा के विभिन्न क्षेत्रों में नवनिर्वाचित निरसा के माले विधायक अरुप चटर्जी को जगह-जगह सम्मानित किया गया। क्षेत्र में जगह-जगह स्वागत स्टेज बनाया गया और संघर्षपूर्ण जीत की खुशियां मनाई गई। मिठाइयां बांटी गई तथा आतिशबाजी भी की गई। तालडांगा मस्जिद के समिप विधायक अरुप चटर्जी का माला पहना कर स्वागत किया गया। वहीं चिरकुंडा थाना के पास पार्टी कार्यालय में स्वागत किया गया। तालडांगा में हुए कार्यक्रम मे७ शेरू खान एव मोईज खान के द्वारा स्वागत किया गया। मौके पर प्रो अरुण कुमार, राजु अंसारी, राजद नेता घमंडी यादव, शिक्षाविद सुबीर चटर्जी, संतु चटर्जी, रामजी शर्मा, मानिक लाल गोरायी, कल्याण राय, पूर्व पार्षद वरूण दे, झामुमो नेता काजल चक्रवर्ती, मो कौशर, फिरोज खान, नांटू गोस्वामी आदि लोग मौजूद थे।

## तनाव प्रबंधन बेहद आवश्यक : मुकेश



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** रोटरी क्लब चास द्वारा तनाव प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में तनाव प्रबंधन विशेषज्ञ द्वारा जानकारी पूर्ण प्रस्तुतियां दी गई।रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने कहा कि आज दुनिया में काफी लोग तनाव से ग्रसित होकर अपनी जिंदगी खो रहे हैं।चोपड़ा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम कार्यस्थल पर तनाव और चिंता से निपटने के लिए व्यवहारिक सलाह और सहायता प्रदान करते हैं।

तनाव प्रबंधन विशेषज्ञ पन्नालाल ओसवाल ने बताया कि तनाव चिंता को कैसे कम किया जाए और जीवन को अधिक आनंदमय कैसे बनाएं। श्री ओसवाल ने कहा तेज भागती दुनिया में मानसिक स्वास्थ्य और तनाव की चुनौतियां गंभीर स्तर पर है और तनाव के स्तर का अनुमान के लिए कोई बाहरी मानक स्थापित नहीं किया जा सकता। श्री पन्नालाल ने कहा कि मन को नियंत्रित करने से तनाव पर काफी नियंत्रण पाया जा सकता है। श्री पन्नालाल ने जवानों को श्वास लेने का सही तरीका एवं ध्यान का प्रयोग भी करवाया। जैप 4 के समादेष्टा मुकेश कुमार ने कहा की तनाव की वजह से जवानों द्वारा उठाए जा रहे आत्मघाती कदम बेहद गंभीर विषय है। इस पर चिंतन की आवश्यकता है। यह कार्यक्रम जवानों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण था क्योंकि वे अक्सर कठिन परिस्थितियों में कार्य करते हैं? तनाव प्रबंधन के इस कार्यक्रम से जवानों को तनाव दूर करने और मानसिक स्फूर्ति से भरने सहायता मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन संस्थापक अध्यक्ष संजय वैद ने किया। इसके पूर्व ललिता चोपड़ा ने मुकेश कुमार को एवं पूजा बैद ने पन्नालाल ओसवाल को पौधा भेंटकर उन्हें सम्मानित किया।

चास रोटरी क्लब के सचिव मुकेश अग्रवाल ने बताया कि लगभग 200 जवानों ने इस कार्यक्रम का लाभ उठाया और उन्होंने इससे बेहद प्रभावी बताया। मुकेश ने बताया की जवानों द्वारा भविष्य में भी इस तरह की कार्यशाला का आयोजन करने का आग्रह किया गया। रोटरी क्लब चास के कुमार अमरदीप, बिनय सिंह, नरेंद्र सिंह, भवनीत सिंह, डिंपल कौर, भवनीत कौर, पूजा बैद,ललिता चोपड़ा ने आज के कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में जैप-4 के अधिकारी एवं सैकड़ो जवान उपस्थित थे।

## कार्मिक डीआईजी नौशाद आलम की अध्यक्षता में अनुकंपा समिति की बैठक संपन्न



**बिनय मिश्रा**

**रांची :** झारखण्ड के कार्मिक डीआईजी नौशाद आलम के बेहतर और सार्थक कार्य के फलस्वरूप मृत पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों के कुल 86 आश्रितों को आचार संहिता समाप्त होते ही तत्क्षण 26 नवम्बर को नियुक्ति पत्र निर्गत कर दी गई है जो निश्चित तौर पर कार्मिक विभाग का एक ऐतिहासिक और प्रशंसनीय कार्य है जिसका श्रेय डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम को जाता है। इस पुनीत और नेक कार्य के फलस्वरूप आश्रित परिवार ने डीआईजी कार्मिक के प्रति आभार व्यक्त किया है। गौरतलब हो कि एक जनवरी 2024 को डीआईजी कार्मिक के रूप में योगदान देने वाले श्री आलम ने कार्मिक विभाग के अधीन अबतक मृतक पुलिस अधिकारी व कर्मियों के आश्रितों के बीच 250 लोगों को नियुक्ति पत्र देकर विभाग के लिए कीर्तिमान भी बनाया है। महज 11 माह के कार्यकाल में ही डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम ने अपने विभाग अधीन लोगों की सुधि लेकर यह संदेश भी दिया है कि पुलिस परिवार के लोगों की समस्या दूर करना ही सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। वहीं झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन के महामंत्री मोहम्मद माहताब आलम एवं संयुक्त सचिव सह कोषाध्यक्ष रंजन कुमार ने डीआईजी श्री आलम से मिलकर इस लंबित मामले का निष्पादन करने पर उनके प्रति एसासिएशन की ओर से आभार व्यक्त किया और उनके इस कार्य को पुलिस विभाग के लिए गौरव बताया।

## कीर्तन मंडली का जत्था द्वारिका धाम के लिए रवाना

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चान्हो।** चान्हो स्थित कंठामृत रसधारा केंद्र की कीर्तन मंडली बुधवार को द्वारिकापुरी धाम के लिए रवाना हुई। इस मंडली का नेतृत्व केंद्र के संयोजक प्रदीप साहू कर रहे हैं। मंडली द्वारिका में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन आयोजित करेगी।

रवानगी से पहले, कीर्तन मंडली ने कटइया देवी मंडप में पूजा-अर्चना की। इसके बाद सभी सदस्य रांची एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए। मंडली ने चारों धामों में अखंड कीर्तन करने का संकल्प लिया है। इससे पहले वे रामेश्वरम और जगन्नाथ पुरी में सफलतापूर्वक कीर्तन कर चुके हैं।

इस अवसर पर मंडली के सदस्य कपिल साहू, सुरेश गुप्ता और त्रिपुरारी तिवारी भी मौजूद थे। मंडली के इस धार्मिक यात्रा को लेकर स्थानीय श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।



## सीसीएल ढोरी एवं जिला प्रशासन के बीच हुआ एमओयू



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव की उपस्थिति में जिला प्रशासन बोकारो की ओर से शक्ति कुमार, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी सी.एस.आर. एवं महाप्रबंधक, ढ़ोरी क्षेत्र,सीसीएल रंजय सिन्हा के बीच क्षतिपूर्ति निवारण योजना (डैमेज रेमेडीशन प्लान) - प्राकृतिक एवं सामुदायिक संसाधन संवर्धन योजना (नेचुरल एंड कम्युनिटी रिसोर्स ऑग्मेंटेशन प्लान)के अंतर्गत उपलब्ध राशि कुल 111.00 करोड़ रुपये का मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) किया गया। इस राशि का इस्तेमाल विभिन्न सामुदायिक कल्याणकारी योजनाओं में किया जाएगा। मौके पर सीसीएल की ओर से शैलेश प्रसाद, परियोजना पदाधिकारी, एस.डी.ओ.सी. एम. एवं नोडल पदाधिकारी (वन एवं पर्यावरण), एस.डी.ओ.सी. एम. अच्युतानंद कुमार आदि उपस्थित थे।उपर्युक्त एमओयू सीसीएल के सलेक्टेड ढ़ोरी ओपनकास्ट परियोजना, ढ़ोरी क्षेत्र से संबंधित है।

## सियालजोरी में पिकअप वैन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक घायल

**बोकारो :** बोकारो जिले के सियालजोरी-साबडा. रोड पर सियालजोरी क्षितिज मोड़ के समीप बंधुवाटांड़ में बुधवार को पिकअप वैन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक सनातन कर्मकार गंभीर रूप से जख्मी हो गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने झामुमो नेता नेमचांद महतो व ग्रामीणों के सहयोग से घायल युवक को जीटी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है. बताया गया कि चास मुक्सिल थाना क्षेत्र के टुधरी गांव निवासी सनातन कर्मकार अपनी बाइक से चन्दनकियारी चामडाब्राद से अपने गांव लौट रहा था. इसी दौरान बंधुआटांड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वैन ने बाइक को टक्कर मार दी. ग्रामीणों ने भाग रही पिकअप वैन का पीछा कर सुरजुडीह के पास पकड़ा.

## विधायक योगेंद्र महतो के दिवंगत पिता को सीएम समेत कई ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गोमिया :** मुरुबंदा स्थित आवास में गोमिया के नवनिर्वाचित विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो के दिवंगत पिता के द्वाज दशा श्राद्ध कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन शामिल हुई। विधायक श्री प्रसाद के दिवंगत पिता स्वः विश्वनाथ महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल विधायक सहित उनकी मां और परिवार के सभी सदस्यों से मिलकर ढांढस बंधाया। इनके अलावे झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, उमाकांत रजक, विकास सिंह मुंडा, ममता देवी, पूर्व मंत्री बेबी देवी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, शहजादा अनवर, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा, पूर्व विधायक अर्जुन राम, झामुमो बोकारो जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी, मंटू यादव सहित कई विधायक, पूर्व विधायक समेत बोकारो एवं रामगढ़ के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक और राज्य भर के विभिन्न विभागों के बड़े प्रशासनिक अधिकारी, जिला परिषद सदस्य, विभिन्न प्रखंड प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति, वार्ड सदस्य भी शामिल हुए। विधायक श्री योगेंद्र प्रसाद एवं उनकी धर्मपत्नी पूर्व विधायक बबीता देवी ने सभी आगंतुक अतिथियों, सहयोगियों को भागवत गीता भेंट कर स्वागत किया। गोमिया विधानसभा क्षेत्र सहित रामगढ़ आदि से हजारों की संख्या में सम्मानित नेता, कार्यकर्ता एवं जनता भी शामिल हुए।

